सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

वर्ष- 14 अंक - 237 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 10 जून 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

खास - खबर

जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मी साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ दाखिल किया नामांकन

दुर्ग। दुर्ग जिले के जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 06 के कांग्रेस पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी लक्ष्मी साहू ने कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल किया। इसके साथ ही प्रदेश के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने सभी कार्यकताओं के साथ बैठक लेकर कार्यकताओं को उपचुनाव में अहम जिम्मेदारी दी गई। उक्त सीट जिला पंचायत अध्यक्ष शालनी यादव के आकस्मिक निधन पर यह सीट खाली थी। अब इस सीट से ग्राम रसमड़ा निवासी लक्ष्मी साहू को कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी बनाई है। कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकताओं ने रैली निकालकर प्रत्याशी के समर्थन में गाजे बाजे के साथ नारे लगाकर जबरदस्त उत्साह देखा गया।

भारत ने अरब सागर में दिखाई अपनी ताकत, 35 से ज्यादा विमानों-दो युद्धपोतों के साथ किया युद्धाभ्यास

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय नौसेना लगातार राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए संकल्प और दृढ़ता के साथ विकसित हुई है। वह लंबी अवधि की संभावित योजनाओं को ध्यान में रखते हुए और मिशन के विस्तार की सीमा को पूरा करने की दिशा में लगातार अपनी ताकत बढ़ा रही है। इसी को लेकर वह लगातार युद्धाभ्यास कर रहा है।

अब भारतीय नौसेना ने समुद्री विस्तार में निरंतर हवाई संचालन सुनिश्चित करने और भारत के राष्ट्रीय हितों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्धता को रेखांकित करने के लिए अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। उसने अरब सागर में 35 से अधिक विमानों और दो युद्धपोतों वाले कैरियर बैटल ग्रुप (सीबीजी) का संचालन कर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।

भारतीय नौसेना ने अपने बेड़े के कई बड़े- बड़े विमानों का प्रदर्शन किया। समुद्र में रक्षा बढ़ाने के लिए दो विमान वाहक आईएनएस विकरमादित्य और स्वदेशी आईएनस विक्रांत के साथ-साथ अपने बेड़े के जहाजों और पनडुब्बियों का प्रदर्शन किया। गौरतलब है, ये दोनों विमान हिंद महासागर की रक्षा के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका माने जाते हैं।

दसवीं-बारहवीं टॉपर्स ने भरी उड़ान सरकार ने कराई आसमान की सैर

हैलीकाप्टर जॉयराइड कर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं व 12वीं में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को सरकार ने हवाई सैर कराई। 2023 की वार्षिक प्रावीण्य सूची में स्थान बनाने वाले 78 छात्र छात्राओं को हैलीकाप्टर जॉयराइड कराई गई। स्कूल शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम ने हरी झंडी दिखाकर हैलीकाप्टर रवाना किया। इस दौरान दूर दराज से पहुंचे छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। सभी ने इस खास इनाम के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताया।

बता दें मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने टॉपर विद्यार्थियों को हैलीकाप्टर जॉयराइड कराने का वादा किया था। पिछले साल से इसकी शुरुआत हुई। 2022 में प्रावीण्य सूची के 125 मेधावी विद्यार्थियों को हैलीकाप्टर जॉयराइड कराया गया था। शनिवार को हेलीकॉप्टर जॉयरायड करने वाले छात्र-छात्राओं के चेहरों में अलग ही मुस्कान दिखी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर आज तय समय पर छात्र-छात्राओं ने हेलीकॉप्टर जॉयराइडिंग की।

आज का दिन कभी नहीं भूलूंगी

एन कुमारी बैगा, कक्षा दसवीं, 88.16त्न अंक के साथ प्रथम आई है। एन कुमारी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी विद्यालय, बोड़ला की छात्रा हैं। एन कुमारी कबीरधाम जिले के गांव मन्नाबेदी से हैं। हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती है। एन कुमारी ने बताया कि हम पांच बहन एक भाई हैं। माँ गांव के ही प्राइमरी स्कूल में रसोइया का काम करती हैं। मेरा पूरा परिवार बहुत खुश है। मेरी दीदी मुझे यहां लेकर आई है। मैं नीट की तैयारी करके डॉक्टर बनना चाहती हूं।

सातवीं कक्षा की छात्रा नरगिस ने पास की दसवीं, सीएम कराया हैलीकाप्टर जॉय राइड

कक्षा सातवीं की छात्रा नरगिस खान ने दसवीं की परीक्षा पास की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर विशेष रूप से नरगिस को हेलीकॉप्टर जॉयरायड कराई। नरगिस ने बताया कि मैंने कक्षा सातवीं और दसवीं, दोनों परीक्षाएं दिलाई हैं। दसवीं कक्षा में 90.50त्न और कक्षा सातवीं में 99.83त्न अंक मिले हैं। नरगिस ने बताया कि बचपन से ही उसकी रूचि पढ़ाई के प्रति अधिक है, इसलिए वह लगातार पढ़ते रहना चाहती है। नरगिस यूपीएससी टॉपर बनना चाहती है। नरगिस ने बताया कि बहुत खुशी हुई जब मुझे पता चला कि हेलीकॉप्टर राइड के लिए आपको आमंत्रित किया जाता है, तब हमारा परिवार यहां आया। मुझे जैसे बच्चे कभी नहीं सोच सकते कि हम हेलीकॉप्टर में बैठ पाएंगे मगर मुख्यमंत्री जी ने हमें यह मौका दिया।

एयरोस्पेस के क्षेत्र में जाना चाहती है प्रतिज्ञा

प्रतिज्ञा जुर्री, कक्षा बारहवीं, 84.06त्न अंक के साथ प्रथम आई है। प्रतिज्ञा के माता-पिता श्रमिक हैं, रोजी-मजदूरी कर गुजर-बसर करते हैं। प्रतिज्ञा नारायणपुर जिले के जीवलापदर गांव से हैं, वह नारायणपुर में स्थित रामकृष्ण मिशन स्वामी विवेकानंद विद्यापीठ की छात्रा हैं। प्रतिज्ञा ने हेलिकॉप्टर जॉयराइड के अपने अनुभव में बताया कि इतनी दूर रहकर कभी मन में ये बात नहीं आई कि हेलीकॉप्टर में सवार होउंगी, लेकिन मुख्यमंत्री जी ने बड़ी खुशी दे दी। बहुत मजा आ रहा है। प्रतिज्ञा अब आगे एयरोस्पेस के क्षेत्र में जाना चाहती है, उसने इसकी तैयारी भी शुरू कर दी है।

आज बहुत अच्छा लग रहा है

दीपिका, कक्षा दसवीं, 78.33त्न अंक के साथ प्रथम आई है। दीपिका के माता-पिता किसान हैं, खेती-किसानी करते हैं। दीपिका धमतरी जिले के ग्राम गीतकारगुड़ा में रहती है और उसने दसवीं की परीक्षा फरसिया में स्थित शासकीय विद्यालय में पढ़कर उत्तीर्ण की है। दीपिका बताती हैं कि आज बहुत अच्छा लग रहा है, मैं बहुत खुश हूं, मैंने कभी नहीं सोचा था कि हेलीकॉप्टर में बैठ सकूंगी, मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद उन्होंने मुझे यह मौका दिया।

डॉक्टर बनना चाहती है सुनीता

सुनीता बैगा, कक्षा बारहवीं, 74.08त्न अंक के साथ प्रथम आई है। सुनीता स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी महाविद्यालय की छात्रा हैं। सुनीता नवगठित जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से यहां आई है, सुनीता ने बताया कि हम 3 बहन और एक भाई हैं। मैं आगे डॉक्टर बनना चाहती हूं इसके लिए नीट की कोचिंग भी कर रही हूं। हेलीकॉप्टर जॉयराइड को लेकर अपने अनुभव में सुनीता ने बताया कि बहुत अच्छा लग रहा है। मैं पहली बार हेलीकॉप्टर में बैठी हूं। मेरे परिवार का कोई भी सदस्य अब तक हेलीकॉप्टर में नहीं बैठे हैं। जब मुझे यह ख़बर मिली तो पूरा परिवार बहुत एक्साइटेड था मुख्यमंत्री जी का धन्यवाद।

मेकाज में स्टाफ की कमी, तीन दिन तीन घंटे काम बंद, मांग पूरी नहीं हुई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल?

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में स्टाफ नर्स की कमी को लेकर छत्तीसगढ़ परिचारिका कर्मचारी कल्याण संघ के द्वारा 3 दिनों तक रोजाना 3 घंटे तक काम को बंद करते हुए रोष व्यक्त किया जाएगा। इस मामले को लेकर संघ के द्वारा संयुक्त संचालक सह अधीक्षक शहीद महेंद्र कर्मा स्मृति चिकित्सालय को ज्ञापन भी सौंप चुके हैं। छत्तीसगढ़ परिचारिका कर्मचारी कल्याण संघ के उप प्रांताध्यक्ष अनशिला बैंस ने बताया कि 13 जून से 15 जून तक रोजाना सुबह 10 बजे से लेकर एक बजे तक काम को बंद किया जाएगा। अगर जल्द ही मांग को पूरी नहीं किया जाएगा तो संघ को अनिश्चितकालीन हड़ताल करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

संघ के सदस्यों ने यह भी बताया कि डिमरापाल में निरंतर स्टाफ की कमी एक बड़ा रूप ले चुकी है। जिसकी वजह से स्टाफ नर्स को अपनी क्षमता से अधिक काम करना पड़ रहा है। जिसकी वजह से शारीरिक व मानसिक रूप से ग्रसित हो रहे हैं। इसके अलावा देखा जाए तो स्टाफ की कमी को लेकर कई बार अधिकारियों के पास मामले की जानकारी देने के बाद भी कोई भी परिणाम सामने नहीं आया है। कुछ स्टाफ नर्स ने नाम न छापने की शर्त में बताया कि हमारे यहां एकता की कमी है, जिसके कारण कोई भी खुलकर विरोध नहीं कर पाता है, अगर आधे से ज्यादा लोग हड़ताल करते भी हैं तो बाकी के लोग अपने वार्ड में ड्यूटी करते नजर भी आते हैं।

जल्द आ जाती है नाइट ड्यूटी

स्टाफ नर्स ने यह भी बताया कि वार्ड में ज्यादा स्टाफ होने के कारण महीने में एक बार नाइट ड्यूटी लगाई जाती थी, लेकिन लगातार स्टाफ नर्स के तबादले, नियमित होने व अन्य कारणों के चलते कई स्टाफ कम हो गए हैं। जिसके कारण अकेले की ही ड्यूटी लगाई जाती है।

दिन हो या दोपहर करते हैं अकेले ड्यूटी

स्टाफ नर्स की सबसे बड़ी समस्या यह है कि एक वार्ड में बिस्तर भले ही 30 रहते हैं, लेकिन वहां पर क्षमता से अधिक मरीजों को भर्ती किया जाता है। ऐसे में अकेले स्टाफ नर्स को डॉक्टर को राउंड कराने से लेकर मरीजों को इंजेक्शन, से लेकर अन्य इलाजों के लिए अकेले ही देखना पड़ता है।

100 से अधिक है नियमित स्टाफ नर्स

बताया जा रहा है की इस मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में देखा जाए तो 100 से अधिक नियमित स्टाफ नर्स कार्यरत हैं। लेकिन हक की लड़ाई में इसमें भी संख्या में कमी देखने को मिलने वाली है। जिसके कारण अधिकारी तक इनकी आवाज नहीं पहुंच पाने व वार्ड में समस्या नहीं हो पाने के कारण इनके अधिकारों के ऊपर अधिकारी ध्यान नहीं दे पाते हैं।

विधायक से लेकर मंत्री तक को दे चुके हैं ज्ञापन

मेडिकल कालेज डिमरापाल 2018 में शुरू किया गया था। उस समय भाजपा का शासन काल चल रहा था। उस समय से लेकर अब कांग्रेस के शासन काल तक जब भी मुख्यमंत्री से लेकर अन्य मंत्री बस्तर दौरे पर आए हैं। तब तक स्टाफनर्स की भर्ती को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया, इसके बदले उन्हें आश्वाशन तो मिला लेकिन स्टाफ की पूर्ति आज तक नहीं हो पाई है। जिसके कारण लगातार स्टाफ नर्स बढ़ते कार्य के लगातार बीमार हो रहे है।

एटीएस को मिली बड़ी सफलता

आईएसआईएस के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, 4 संदिग्ध गिरफ्तार

पोरबंदर (एजेंसी)। गुजरात में एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (ATS) को बड़ी सफलता मिली है। एटीएस ने पोरबंदर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए आतंकी मॉड्यूल का खुलासा किया है।ज्ञस ने इससे जुड़े चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है पकड़े गए संदिग्ध अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन (ISIS) के संपर्क में थे। गिरफ्तार संदिग्धों में एक विदेशी नागरिक भी शामिल है। एटीएस ने इनके पास से कई प्रतिबंधित चीजें जब्त की हैं।

बता दें, कई दिनों से आतंकी गतिविधियों की सूचना मिल रही थी। इसी को लेकर पोरबंदर और आसपास के इलाकों में विशेष अभियान के लिए पिछले कुछ दिनों से एटीएस की एक विशेष टीम सक्रिय थी। एटीएस के अधिकारी ये भी जानने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या इनके संपर्क में कोई स्थानीय व्यक्ति भी था। गुजरात में ये कब से रह रहे थे। इनका लक्ष्य क्या था। बता दें, विदेशी नागरिक किस देश का रहने वाला है, अफसरों ने अभी इसका खुलासा नहीं किया है। जल्द इस मामले में बड़े खुलासे हो सकते हैं।

इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ अमित सिंह का नाम, पुशअप्श में बनाया नया रिकॉर्ड

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। हाउसिंग बोर्ड कैलाश नगर निवासी विजय सिंह के पुत्र अमित सिंह ने इंटरनेशनल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाया है। अमित ने 30 सेकंड में 52 पुशअप्स मारकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इससे पहले पिछले साल अमित ने 30 सेकंड में 46 पुशअप्स का रिकॉर्ड बनाया था जिसे इस साल तोड़ कर नया रिकॉर्ड बनाया। अमित सिंह की इस उपलब्धि से उनका पूरे परिवार खुशी की लहर है। यह रिकॉर्ड हासिल करने वाले अमित पहले भारतीय बने हैं।

अमित सिंह एक ऐसे होनहार खिलाड़ी हैं इनके नाम पहले भी कई रिकॉर्ड दर्ज हैं। इससे पहले अमित सिंह ने 1 मिनट में सबसे ज्यादा 84 पुशअप्स मरने का रिकॉर्ड पिछले साल इंडियन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कराया था। आर्म्सरेसलिंग में गोल्ड मेडलिस्ट होने के साथ ही साथ मोस्ट पुशअप्स इन वन टाइम ग्वालियर में आयोजित होने वाले मैच में 183 पुशअप्स मारकर अमित ने उपलब्धि हासिल की है। बिना किसी विशेष ट्रेनिंग के अमित ने खुद के प्रयास से सफलता पाई है।

मोबाइल चलाने की आजादी नहीं मिली तो छोड़ दिया घर, दो साल से रह रही थी फेसबुक फ्रेंड के साथ

रायपुर। राजधानी में दो साल से लापता नाबालिग को सकुशल बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। टिकरापारा क्षेत्र की एक नाबालिग ने दो साल पहले मोबाइल चलाने की आजादी नहीं मिलने पर अपना घर छोड़ दिया था। इसके बाद वह गोरखपुर में अपने एक फेसबुक फ्रेंड के साथ रही थी। पुलिस ने काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। हाल ही में नाबालिग ने अपने रिश्तेदारों को फोन किया तो उसकी लोकेशन ट्रेस हुई। पुलिस की एक टीम गोरखपुर पहुंची और नाबालिग को सकुशल बरामद कर फेसबुक फ्रेंड के गिरफ्तार कर लिया है।

महात्मा के हत्यारे का महिमामंडन

श्रीकंचनपथ

केन्द्र सरकार के मंत्री गिरीराज ने महात्मा गांधी की हत्या करने वाले नाथूराम गोडसे को भारत माता का सपूत कहा है। कांग्रेस ने इसका जवाब भी दिया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि गोडसे का महिमा मंडन करके गिरीराज ने देश-दुनिया के उन करोड़ों लोगों का अपमान किया है जो गांधी को मानते हैं। यह केवल वाकयुद्ध नहीं है। आज भारत एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां उसे निर्णय करना है कि वो किस तरह के लोगों को आगे बढ़ाना चाहती है। देश के विभाजन को मुद्दा बनाकर क्या आजादी के 76 साल बाद भी राजनीति की जा सकती है? वैसे भी दो राष्ट्र के सिद्धांत की जनक स्वयं हिन्दू महासभा या आज की आरएसएस है। पर इस बहस का आज कोई मतलब नहीं है। भारत को आज इस बात का फैसला करना है कि वह नफरत की आड़ से हो रही गंदी राजनीति का साथ देना चाहती है या उस भारत पर यकीन करना चाहती है जिसे वह आज तक स्वयं देखती आ रही है, महसूस करती आ रही है। जिस भारत में गांव से शहर आए लोग उच्च शिक्षित होकर दुनिया भर में अपनी प्रतिभा की धाक जमा रहे हैं। जिस गांधी को भाजपा के पृष्ठपोषक हिकारत की नजर से देखते हैं, उसी गांधी को दुनिया ने नमन किया है। बात चाहे स्वच्छता की हो, रोगी सेवा की हो, अस्पृश्यता उन्मूलन की हो, गांवों को मजबूत करने की हो, ग्रामीण लघु उद्योगों को बढ़ावा देने की हो या महिला स्व सहायता समूहों के जरिए गरीब परिवारों की आर्थिक और सामाजिक समृद्धि की हो, इन सभी के बीज महात्मा गांधी की सोच में निहित हैं। जब पूरी दुनिया केवल आजादी के लिए छटपटा रही थी तब वो महात्मा गांधी ही थे जिन्होंने देश को जगाने का काम किया था। हिन्दू महासभा या आरएसएस के जागते-जागते तो कई दशक बीत गए। कहते हैं, भरा हुआ पेट भी तमाम विकारों को जन्म देती है। एक तरफ जहां भरा हुआ पेट जरूरी है वहीं भरे पेट वालों को सकारात्मक और रचनात्मक दिशा देने की भी जरूरत होती है। भारत में इसके कई नजीर मिल जाएंगे। सिख, मारवाड़ी और जैन समाज हिन्दू होते हुए भी गुरू प्रधान है। इनके धार्मिक गुरू इनका रचनात्मक और सकारात्मक मार्गदर्शन करते हैं। गुरू घासीदास को मानने वाले, बौद्ध धर्म को मानने वाले भी इसी रास्ते पर चलते हैं। गायत्री परिवार और ब्रह्मकुमारी आंदोलन भी संयम की राह दिखाते हैं। एकमात्र मनुवादी ही ऐसी किसी सोच से कटे हुए हैं। आज जितने भी देश धर्म के आधार पर पहचाने जाते हैं, उनकी हालत किसी से छिपी हुई नहीं है। राष्ट्र की सबसे छोटी इकाई मनुष्य है। जाहिर है, यदि आप मनुष्यता पर यकीन नहीं करते तो आपसे बड़ा जाहिल कोई नहीं है। कमल कीचड़ में तो गुलाब कांटों में होता है, पर इसके कारण इनका तिरस्कार नहीं किया जा सकता।

संपादकीय

कठघरे में ट्रंप

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पूरे जीवन में ढेर सारे विवाद खड़े किए हैं। विवादों से उनका पुराना नाता है। लेकिन इस बार तो उन्होंने इतिहास ही बना दिया है। वह अमेरिकी इतिहास के पहले ऐसे पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं, जिनके खिलाफ किसी आपराधिक मामले में बाकायदा आरोप तय किए गए हैं। इसके पहले वाटरगेट कांड पर रिचर्ड निक्सन के खिलाफआपराधिक मुकदमा चलाया जा सकता था, लेकिन उनके बाद राष्ट्रपति बने गेराल्ड फोर्ड ने इससे इनकार कर दिया। उन्हें इसकी जरूरत भी नहीं लगी होगी, क्योंकि एक तो वह निक्सन की रिपब्लिकन पार्टी के ही थे। फिर यह खतरा भी नहीं था कि अगली बार राष्ट्रपति पद के लिए उन्हें निक्सन से कोई चुनौती मिले। लेकिन मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ ऐसा नहीं है और अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के लिए डोनाल्ड ट्रंप ने अभी से ताल ठोकनी शुरू कर दी है। रिपब्लिकन पार्टी की तरफसे फिलहाल वही सबसे बड़े दावेदार नजर आ रहे हैं। फिलहाल ट्रंप के खिलाफ मामला सिर्फ इतना है कि फ्लोरिडा में उनके मारा-लॉगों एस्टेट पर पिछले अगस्त में छापा मारकर सरकारी एजेंसी ने 11 हजार दस्तावेज जब्त किए थे, जिनमें कई बेहद गोपनीय दस्तावेज थे। बताते हैं, 33 बक्सों में बंद इन दस्तावेजों में कुछ ऐसे भी थे, जो ईरान पर अमेरिकी हमले की योजना से संबंधित थे। ये दस्तावेज ट्रंप ने राष्ट्रपति के रूप में हासिल किए थे, जिन्हें उन्होंने लौटाया नहीं। दिलचस्प बात यह है कि कुछ ही समय पहले अमेरिका की फेडरल जांच एजेंसी ने मौजूदा राष्ट्रपति बाइडन के पुराने निवास से भी कई ऐसे दस्तावेज जब्त किए थे, जो उन्होंने तब हासिल किए थे, जब वह उप-राष्ट्रपति थे। एजेंसी के हिसाब से फर्क यह है कि ट्रंप ने उन दस्तावेजों को जानते-बूझते हुए भी न सिर्फअपने पास रखा था, बल्कि लौटाने से भी इनकार कर दिया। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि इसका कारण आपराधिक न होकर ट्रंप की वह ढिठाई भी हो सकती है, जिसके लिए वह मशहूर रहे हैं, वरना ईरान वाले दस्तावेज को ही लें, तो इसे अपने पास रखने से भला ट्रंप को क्या मिल सकता था? इस पर भी शक है कि वह इसे किसी तरह इस्तेमाल कर सकते थे। हालांकि, आरोपों का विस्तृत ब्योरा अभी लिफाफे में बंद है। उनको जगजाहिर नहीं किया गया है। अमेरिका में अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है। सबसे पहली प्रतिक्रिया ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के एक नेता असा हचिनसन की आई है। हचिनसन खुद राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ना चाहते हैं और इसके लिए जोर लगा रहे हैं। उनका कहना है कि आपराधिक मुकदमा दर्ज हो जाने के बाद अब ट्रंप को राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर हो जाना चाहिए। मगर ट्रंप इतनी आसानी से रेस से बाहर होंगे, इसकी उम्मीद किसी को नहीं है। उनके मतदाताओं और चाहने वालों को इससे फर्क भी नहीं पड़ता। जिस दिन ये आरोप तय हुए, उसी रात उन्होंने चुनाव के लिए रिकॉर्ड चंदा इकट्ठा किया। अमेरिका में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि आरोप तय होने या सजा हो जाने के बावजूद किसी को चुनाव लड़ने से रोका जा सके। इस समय वहां न तो यह सवाल पूछा जा रहा है कि ट्रंप सचमुच अपराधी हैं या नहीं? न ही यह सवाल पूछा जा रहा है कि उन्हें सजा होगी या नहीं? सवाल यह पूछा जा रहा है कि क्या ट्रंप जेल में रहकर चुनाव लड़ेंगे? डोनाल्ड ट्रंप अटकलों को खबरों में बदलने का हुनर जानते हैं।

> “ अमेरिका में अब इस पर राजनीति शुरू हो गई है। सबसे पहली प्रतिक्रिया ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के एक नेता असा हचिनसन की आई है। हचिनसन खुद राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ना चाहते हैं और इसके लिए जोर लगा रहे हैं। उनका कहना है कि आपराधिक मुकदमा दर्ज हो जाने के बाद अब ट्रंप को राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर हो जाना चाहिए।

आंदोलन मैनेज हो गया ?

इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार ना कर पुलिस ने डर और आशंकाओं का वह माहौल बनने दिया, जिससे उत्पीड़ित पहलवानों का हौसला टूटा। इस रूप में न्याय की भावना के साथ एक तरह का विश्वासघात हुआ है।

यौन उत्पीड़न के खिलाफ आंदोलन पर उतरे पहलवान सार्वजनिक रूप से भले यह कह रहे हों कि उनका संघर्ष जारी रहेगा, लेकिन जिस रूप में लगभग डेढ़ महीने तक यह आंदोलन चला, उसके आगे भी जारी रहने की संभावना न्यूनतम है। इस बात के साफ संकेत हैं कि गृह मंत्री अमित शाह इस आंदोलन को मैनेज करने में सफल हो गए हैं। पहलवानों के साथ उनकी सहमति बन जाने के ठोस संकेत हैं। बेशक, (कथित तौर पर) उत्पीड़ित महिला पहलवान हुई थीं, इसलिए पहलवानों को यह अधिकार है कि वे अपना हित देखें और किसी समाधान पर पहुंचने के प्रयास में शामिल हों। लेकिन गौरतलब यह है कि इस मामले में एफआईआर दर्ज हो चुकी है। उसमें एक नाबालिग पहलवान के यौन उत्पीड़न का मामला भी है, जो पॉक्सो कानून के तहत आता है। इसी एफआईआर को वापस लिए जाने या इसे बदले जाने की बात मीडिया में आई है। बहरहाल, विधि विशेषज्ञों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय न्याय व्यवस्था के तहत जघन्य अपराध एक बार दर्ज हो जाने के बाद उत्पीड़ित व्यक्ति भी उसे वापस नहीं ले सकता, लेकिन यह राज्य के खिलाफ अपराध का मामला बन जाता है।

ये दीगर बात है कि अगर उत्पीड़ित पक्ष मामले को आगे बढ़ाने में सहयोग ना करे, तो फिर केस साबित होने की संभावनाएं बेहद कम हो जाती हैं। इस बीच नौ जून को आंदोलन का प्रस्तावित कार्यक्रम स्थगित हो चुका है, तो दूसरी तरफ दिल्ली पुलिस ने आरोपी बृजभूषण शरण सिंह से उनके घर जाकर पूछताछ की है। कुल संकेत यह है कि अब जो भी मामला चलेगा, वह पुलिस और कानून की दायरे में चलेगा। इस तरह जन आंदोलन से सत्ताधारी भाजपा के लिए जो असहज स्थितियां बन रही थीं, उन्हें नियंत्रित कर लिया गया है। इसके बावजूद इस बात को नहीं भुलाया जा सकता कि आरोपी को तुरंत गिरफ्तार ना कर पुलिस ने डर और आशंकाओं का वह माहौल बनने दिया, जिससे उत्पीड़ित पहलवानों का हौसला टूटा। इस रूप में न्याय की भावना के साथ एक तरह का विश्वासघात हुआ है। यह इस देश के लिए गहरी चिंता की बात है।

कांग्रेस और आप में खुली लड़ाई

कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों एक तरफ विपक्षी गठबंधन बनाने और उसमें साथ रहने की बात भी कर रहे हैं और दूसरी ओर खुलेआम लड़ाई भी कर रहे हैं। बिहार में 23 जून को विपक्षी पार्टियों की एक बड़ी बैठक होने वाली है, जिसमें कहा जा रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी दोनों शामिल होंगे। उसमें आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी हिस्सा लेना है। इस बीच केजरीवाल की पार्टी ने कांग्रेस के ऊपर हमला तेज कर दिया है। कांग्रेस के खिलाफ चुनाव लड़ने की तैयारियों के बीच आप ने कांग्रेस पर एजेंडा चुराने और विफल हो जाने का आरोप लगाया है। आम आदमी पार्टी के ट्विटर हैंडल से एक ट्विट किया गया, जिसमें मुफ्त की चीजें देने के मामले में कांग्रेस का मजाक उड़ाया गया है। आप ने हिमाचल प्रदेश का हवाला देते हुए कहा है कि कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी का एजेंडा कॉपी करके मुफ्त की बिजली देने का ऐलान तो कर दिया लेकिन अब समझ में नहीं आ रहा है उस पर कैसे अमल करें। आप ने प्रचार किया है कि कांग्रेस उसका एजेंडा चुरा कर लागू तो कर रही है लेकिन उसमें सफल नहीं हो पा रही है। दूसरी ओर भाजपा भी इसका मुद्दा बना रही है। गौरतलब है कि हिमाचल में बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है लेकिन उसका मुफ्त की चीजों से लेना देना नहीं है क्योंकि कांग्रेस को सरकार बनाए अभी सात महीने हुए हैं। केंद्र द्वारा कर्ज लेने की सीमा घटाए जाने से संकट पैदा हुआ है। पर किसी भी बहाने आम आदमी पार्टी कांग्रेस से लड़ रही है।

> “ वर्तमान सरकार के काल में भारत के बढ़ते सामरिक आत्मविश्वास के कारण चीन द्वारा वुल्फवॉरियर डिप्लोमेसी के प्रयास देखे गए। एक मजबूत और समुचित रुख ने यह सुनिश्चित किया कि चीन उस सैन्य स्थिति से कोई फायदा नहीं उठा सकता, जिसे उसने बनाने की कोशिश की थी। एक बड़ा खतरा बने बिना बातचीत की प्रक्रिया जारी है।

नौ साल के प्रतिष्ठित नेतृत्व ने भारत को प्रेरित किया

सैयद अता हसनैन, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त)

एक राष्ट्र के पास प्रगति करने के लिए सभी सकारात्मक गुण हो सकते हैं और इसके लोगों के पास महानता की आकांक्षा के लिए सारी ऊर्जा हो सकती है। हालांकि, जब तक राष्ट्र मौलिक रूप से सुरक्षित नहीं है और पड़ोसियों और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के अन्य लोगों के साथ इसके संबंध भी संतुलित नहीं हैं, तब तक प्रगति मृग-मरीचिका ही हो सकती है। पिछले नौ वर्षों में राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति डोमेन के संदर्भ में भारत के स्टॉक में उतनी अधिक वृद्धि हुई है, जितनी पहले कभी नहीं हुई। इससे यह सुनिश्चित होता है कि राष्ट्रीय विकास के अन्य सभी पहलू संसाधनों या रास्ते में बाधाओं की चिंता किए बिना निरंतर प्रगति हो रही है।

विदेश नीति के संदर्भ में एक बहुपक्षीय दृष्टिकोण द्वारा समर्थित तटस्थता के एक तत्व ने भारत को हितों पर आधारित नीति का पालन करने का मार्ग दिया है, जहां आपसी हितों की पूर्ति होती है। उच्च स्तर के वैश्विक नेताओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की व्यक्तिगत पहुंच ने सुनिश्चित किया है कि हमारे स्टॉक में केवल वृद्धि हुई है। सबसे अच्छा उदाहरण वह संबंध है जो उन्होंने सभी काफी विविध दृष्टिकोणों के साथ तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों के साथ स्थापित किया था। इससे यह सुनिश्चित हुआ है कि 2+2 अवधारणा के माध्यम से लगातार परामर्श को शामिल करते हुए भारत-अमेरिका संबंध लगातार आगे बढ़े हैं। अमेरिका ने यह सुनिश्चित किया है कि उसके प्रतिबंधों के तहत देशों से अधिग्रहण के क्षेत्र में भारत के हितों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। यह यूक्रेन युद्ध पर भी भारत के रुख का निरंतर सम्मान करता है।

मध्य-पूर्व में भी, भारत द्वारा अपनाई गई एक स्वतंत्र नीति ने खाड़ी देशों के साथ फलते-फूलते संबंधों को सुनिश्चित किया है, जहां 8 मिलियन प्रवासी रहते है और काफी धन स्वदेश भेज रहे हैं। इसके अलावा, भारत अब वेस्टर्न क्वाड का सदस्य बन गया है जो इजरायल, अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) (आईआईयूयू) के साथ साझेदारी को दर्शाता है।

भारत के भू-राजनीतिक कद में वृद्धि का कारण महामारी का प्रभावी आंतरिक प्रबंधन, इसके बाद होने वाली वैक्सीन कूटनीति और दुनिया की फार्मा राजधानी के रूप में स्थापित होना है। यूक्रेन युद्ध छिड़ते ही कूटनीतिक तौर पर ब्राउनी पॉइंट काम आए। भारत द्वारा अपनाई गई तटस्थता के सही रुख के साथ यह अपने लिए एक ऊर्जा संबंधी लाभ प्राप्ति का माध्यम बना, जो अर्थव्यवस्था के आकांक्षात्मक उछाल के लिए बहुत महत्वपूर्ण था, क्योंकि पिछले दो वर्षों के दौरान इस पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा था। दो साल से भी कम समय में अर्थव्यवस्था के -24 प्रतिशत मूल्यह्रास से 6.25 प्रतिशत सकारात्मक विकास दर तक पहुंचना सचमुच विवेकपूर्ण राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति का परिणाम था।

वर्तमान सरकार के काल में भारत के बढ़ते सामरिक आत्मविश्वास के कारण चीन द्वारा वुल्फ वॉरियर डिप्लोमेसी के प्रयास देखे गए। एक मजबूत और समुचित रुख ने यह सुनिश्चित किया कि चीन उस सैन्य स्थिति से कोई फायदा नहीं उठा सकता, जिसे उसने बनाने की कोशिश की थी। एक बड़ा खतरा बने बिना बातचीत की प्रक्रिया जारी है।

शायद सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि अनुच्छेद 370 में संशोधन करने और जम्मू-कश्मीर को पूरी तरह से एकीकृत क्षेत्र का दर्जा देने का साहसिक निर्णय था। प्रशासनिक क्रियाकलाप और सुविधा के लिए, जम्मू- कश्मीर और लद्दाख को केंद्रशासित प्रदेश का दर्जा दिया गया था। नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर संघर्ष विराम फरवरी 2021 से बना हुआ है, जो सुरक्षा के वातावरण को अधिक स्थिर बना रहा है। इसने जम्मू-कश्मीर में स्थिति को सकारात्मक अंतिम रूप देने के लिए कई विकल्प तैयार किए हैं। क्षमता और क्षमता विकास के क्षेत्र में यह एहसास हुआ है कि भारत सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण के लिए महत्वपूर्ण हार्डवेयर की खरीद पर अरबों रुपये मूल्य के विदेशी मुद्रा भंडार को बर्बाद नहीं कर सकता। इससे हितधारकों के मन में दृढ़ता आई है। चार सकारात्मक स्वदेशीकरण सूचियों (पीआईएल)की अब तक पहचान की गई है, पहली तीन सूचियों में 1238 वस्तुओं को आयात प्रतिबंध पर रखा गया है और हाल ही में 928 वस्तुओं को इसी तरह से माना गया है। 928 वस्तुओं की नवीनतम सूची में सामरिक रूप से महत्वपूर्ण घटक और पुर्जे के साथ-साथ हाई एंड सामग्री भी शामिल हैं, जिनके बल पर हम 715 करोड़ रुपये मूल्य के आयात से बच सकते हैं। यह आत्मनिर्भरता की ओर जाने वाला मार्ग है जो धीरे-धीरे लेकिन निश्चित रूप से प्रगति की ओर अग्रसर है। स्वदेशीकरण पर अधिक जोर देने से भारत के वैज्ञानिक तथा अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) समुदाय को बहुत प्रोत्साहन मिला है। महत्वपूर्ण विदेशी मुद्रा की बचत आर्थिक स्थिरता और 2030 से पहले 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था होने के लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करेगी।

अनिश्चितता से जुड़े जोखिम वाले क्षेत्रों के डोमेन में अपने बढ़ते कद के कारण इंडो पैसिफिक क्षेत्र ने बहुत ध्यान आकर्षित किया है। आसियान तक पहुंच के माध्यम से, गणतंत्र दिवस 2018 के लिए शासनाध्यक्षों/देशों के प्रमुखों को निमंत्रण, राष्ट्रों के समूह (क्वाड) के सदस्यों के साथ सक्रिय भागीदारी, राजनीतिक और सैन्य कूटनीति का प्रभावी उपयोग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की दक्षिण प्रशांत क्षेत्र की यात्रा में इस क्षेत्र पर पर्याप्त ध्यान दिया गया है, जो आवश्यकता होने पर, भविष्य के समूहों और साझेदारी के लिए एक शुभ संकेत है।

पड़ोसी देश कभी भी सरकार के फोकस से दूर नहीं रहे है। भारत ने अभूतपूर्व आर्थिक संकट से निपटने के लिए श्रीलंका को 3.8 बिलियन डॉलर की सहायता प्रदान की। बांग्लादेश, मालदीव और नेपाल के साथ संबंध सामान्य रहे हैं, और विशेष रूप से भारतीय सॉफ्ट पावर के संबंध में अफगानिस्तान के साथ यह अप्रत्याशित रूप से सकारात्मक दिशा में विकसित हो रहा है। नौ वर्षों के सशक्त और तेजी से बदलते अंतर्राष्ट्रीय परिवेश में भारत ने तेजी से वृद्धि की है और निस्संदेह स्थिर राष्ट्रों की श्रेणी में एक उच्च पायदान की आकांक्षा कर सकता है। जी20 की अध्यक्षता मिलना भारत से अपेक्षाओं का प्रमाण है और जी7 में आमंत्रित होने से भारत को जो स्थान मिला है वह निश्चित रूप से गौरवपूर्ण है।

खेल-खेल में जीने का सलीका सिखाते गुड्डे-गुड़िया

क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार

आज विश्व गुड़िया दिवस है। हम में से कौन ऐसा होगा, जो बचपन में गुड्डे-गुड़ियों से न खेला हो! मिट्टी, कपड़े, लकड़ी, धातु, कागज की लुगदी, जूट, प्लास्टिक आदि की इन गुड़ियों और अन्य खिलौनों ने एक लंबी विकास यात्रा तय की है। अरसे से पुरानी पीढ़ियों ने अपनी अगली नस्ल को ये खिलौने सौंपे हैं। आज कंप्यूटर और मोबाइल गेम्स के जमाने में चाहे इन खिलौनों की उपयोगिता कम नजर आती हो, मगर अब भी इनके महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता। कई घरों में आज भी ये खिलौने बनाए जाते हैं। इनको पर्यावरण-हितैषी और स्वास्थ्य के लिए उपयोगी बताया जाता है।

एक समय में गुड़िया, उसके परिवार, शेर, भालू, चीते, घोड़े, बंदर, तोते, कबूतर, बत्तख, चिड़ियां आदि कपड़ों, लकड़ी, मिट्टी आदि से घरों में ही बना लिए जाते थे। घर की अनुपयोगी चीजों, कपड़ों, लकड़ी के बचे हुए टुकड़ों, कागजों आदि का उपयोग इन्हें बनाने में किया जाता था। यह एक प्रकार से रिसाइकिलिंग ही थी। यही नहीं, इन गुड्डे-गुड़ियों, जानवरों के परिवार भी होते थे। गुड़ियों की शादी बाकायदा उत्सव के रूप में होती थी। इसमें घर के बड़े भी शामिल हो जाया करते थे। बारात भी आती थी। विदाई के वक्त सब रोते भी थे।

पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में गंगा दशहरे के दिन पुरानी गुड़ियों को किसी तालाब, पोखर में विसर्जित कर दिया जाता था। बहुत से बच्चे इस ताक में रहते थे कि जैसे ही गुड़ियों को तलाब अथवा पोखर में डाला जाए, उनको निकाल लिया जाए। फिर होता यह था कि जिस बच्ची की गुड़िया होती थी, वह उसे दूसरे किसी के हाथ में देखकर रोती-बिलखती रहती। वापस मांगती रहती। मगर जिसने गुड़िया को निकाला होता, वह भला उन्हें वापस क्यों दे? जबकि, जिसने गुड़िया विसर्जित की थी, उसे पुरानी के सामने अपनी नई गुड़िया भी अच्छी न लगती।

इन गुड़ियों के जरिये लड़कियां तमाम तरह की बातें सीखती थीं, परिवार चलाने के लिए क्या-क्या करना चाहिए, इस बात की ट्रेनिंग जैसे बचपन में ही हो जाती थी। संबंधों के निर्वाह, छोटे-बड़े की पहचान इन खिलौनों के जरिये होती थी। बैटरी से चलने वाली, सिर और आंख मटकाने वाली गुड़िया भी मिलती थी। प्लास्टिक की ऐसी गुड़िया भी थीं, जो न खराब होती थीं और न टूटती-फूटती थीं। इस तरह की गुड़ियों ने जल्द ही बाकी गुड़ियों की छुट्टी कर दी और अब तो हर जगह बार्बी ही दिखाई देती है। शहरी बच्चियों के पास अगर यह गुड़िया नहीं, तो जैसे कुछ नहीं। घरेलू गुड़ियों में एक तरह से अपना परिवार भी दिखाई देता था। कपड़े की गुड़ियों और कठपुतलियों के चेहरे बहुत मासूम होते थे। यहां तक कि हिंसक पशु, जैसे शेर, चीते, भालू तक बहुत भोले दिखते थे। इनको बच्चों के भोले चेहरों को ध्यान में रखकर ही बनाया जाता था।

कहते हैं, गुड़ियों और इंसानों का संबंध शायद इतना ही पुराना है, जितनी कोई सभ्यता। तमाम खुदाई में गुड़िया व अन्य खिलौने मिलते रहे हैं। जापान की हिना, दारुमा और कोकेशी गुड़ियों को तो हजारों साल से वहां की संस्कृति का हिस्सा माना जाता है। मैक्सिको के पास एक डॉल्स आइलैंड भी है, जहां तट पर ही हजारों गुड़िया दिखाई देती हैं। अपने यहां नई दिल्ली के आईटीओ पर डॉल्स म्यूजियम भी है, जिसमें हजारों तरह की देश-विदेश की एक से बढ़कर एक गुड़िया मौजूद हैं। इनको बच्चों को घर ले जाने के लिए भी दिया जाता था।

आज जब अधिकांश बच्चों का समय मोबाइल और कंप्यूटर गेम्स में बीतता है, तब विशेषज्ञ यही चेतावनी देते हैं कि इन खेलों को ज्यादा समय तक खेलना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं है। आंखों पर भी इनका बुरा असर पड़ता है। ज्यादा स्क्रीन टाइम के कारण चिड़चिड़ापन बढ़ता है। कई बार वे अपनी उम्र के बच्चे से मिलना-जुलना तक छोड़ देते हैं। इसके अलावा, बच्चों में अकेलेपन की भावना भी बढ़ती है। साथ ही, ऐसे बहुत से खेल हिंसा से भरे होते हैं। बच्चों के मन पर इनका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यूं भी हिंसा में कोमलता को तो ढूंढ़ा ही नहीं जा सकता। कहां गुड़ियों का समाज में इतना सम्मान और प्यार, दुलार कि घर की बच्चियों के नाम अक्सर गुड़िया रखे जाते थे, और कहां नई तकनीक के खेलों द्वारा इनको अपदस्थ कर देना, जबकि ये खिलौने केवल खिलौने नहीं होते थे, बल्कि तमाम संबंधों के बारे में खेल-खेल में ही शिक्षा भी दे देते थे।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाना हो प्राथमिकता

गुरबचन जगत

पत्रिका 'इंडिया टुडे' में छपे एक लेख में कहा गया है कि संसद में सरकार द्वारा रखे आंकड़ों के मुताबिक, भारत से विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों की संख्या में एक साल में 68 प्रतिशत इजाफा हुआ है। वर्ष 2022 में यह गिनती 7,50,365 रही, जबकि 2021 में 4,44,553 थी। न्यूनतम अनुमान के मुताबिक, इस पर आया खर्च काफी विशाल होगा। लेकिन हम सुधार की अपेक्षा रखें भी कैसे, जब पिछले दो दशक से भी ज्यादा अवधि में, सालाना बजट में शिक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद का महज 3 फीसदी खर्च रखा गया हो। उल्लेखनीय है कि इकॉनोमिक सर्वे के अनुसार यह मद केंद्र और राज्य सरकारों, दोनों की मिलाकर है। शोर चाहे कितना ही मचाएं लेकिन किसी राजनेता या राजनीतिक दल के पास इतनी दूरदर्शिता नहीं कि शिक्षा का बजट बढ़ाया जाए। स्वास्थ्य पर बजट तो और भी कम है, जोकि जीडीपी के 1.5 फीसदी से 2.0 प्रतिशत के बीच झूलता रहता है।

कदाचित् वे हमें अज्ञानी और अधकचरे बनाए रखना चाहते हैं, जो समय-समय पर बंटने वाली सरकारी खैरातों में मुफ्त की वस्तुएं पाने के लिए पंक्तियों में लगे रहें। क्योंकि कमजोर इंसान को जाति-पाति, धर्म, पंथ इत्यादि के नाम पर बरगलाकर वोट प्राप्ति के लिए इस्तेमाल करना ज्यादा आसान होता है। अपने देश में सुविधाओं की कमी के कारण युवाओं के पास उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए विदेश जाने के सिवा विकल्प नहीं बचता। जो मौके उपलब्ध हैं भी, वे राजनीतिक लाभ के लिए बनाए विभिन्न किस्मों के आरक्षण कोटों की वजह से बहुत कम रह जाते हैं। फिर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का बुनियादी ढांचा हमारी तेजी से बढ़ती आबादी के बरक्स गति नहीं पकड़ पा रहा। आज हम विश्व में सबसे ज्यादा जनसंख्या वाला देश हैं।

उच्च शिक्षा और अच्छे विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप की ओर हमारे बच्चों का यह पलायन क्या यूं ही जारी रहेगा? हमारी शिक्षा नीतियों, विश्वविद्यालयों की हालत और अन्य व्यावसायिक शिक्षा सुविधाओं पर एक नजर डालने पर भविष्य के लिए आशा नहीं जगती। हमारे यहां समुचित सुविधाएं और अनुसंधान एवं विकास के लिए वह माहौल नहीं है जो युवाओं को नया सोचने और खोज करने को प्रेरित करे। जहां तकनीक चालित जगत में नित उन्नत अनुसंधान हो रहा है वहीं हमारी पुराने ढर्रे की शिक्षा प्रणाली आज भी रट्टा मारकर परीक्षा उत्तीर्ण करने पर केंद्रित है, यह हमें कहीं नहीं पहुंचा सकती। लगता है हम अपने इतिहास का पुनर्निमाण करने और उसे अपने भविष्य के तौर पर पेश करने पर तुले हुए हैं। यह कृत्य गहन प्रतिस्पर्धा वाली मौजूदा दुनिया में हमें पछाड़कर रख देगा, न ही इससे हमारे विश्वविद्यालयों और लैब्स में क्वांटम फिजिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, नैनो-टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स इत्यादि नवीनतम तकनीकों का वैसा प्रसार हो पाएगा, जो भविष्य को आकार दे रहा है।

आज हम तमाम क्षेत्रों और विधाओं में पश्चिमी जगत और चीन का मुकाबला करना चाहते है, परंतु तरक्की के लिए जो दो अवयव - शिक्षा और स्वास्थ्य - एक पूर्व-शर्त हैं, वह हमारी राजनीतिक सोच में नदारद है। हम रक्षा सामग्री, मेडिकल उपकरण, सेमीकंडक्टर, कंप्यूटर, वाहन, हवाई जहाज और समुद्री जहाजों के आयात पर खरबों-खरबों रुपये खर्च रहे हैं। यह इसलिए कि स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास सुविधाएं नगण्य हैं। हम पहले ही बहुत देर कर चुके हैं, इसलिए अपने उद्योगों का आधुनिकीकरण युद्धस्तर पर करना होगा और इसकी राह शिक्षा एवं स्वास्थ्य से होकर है। भारत सरकार उद्योगों के आधुनिकीकरण में निवेश करने को निजी क्षेत्र की मुख्य भूमिका बनवाने में सफल नहीं हो पाई।

भारत सरकार को सभी बड़े उद्योगपतियों के लिए एक समान मौके मुहैया करवाने चाहिए और साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को सुनियोजित ढंग से ऊपर उठाना चाहिए। तरजीह वाले क्षेत्रों की शिनाख्त करके उन्हें मदद, प्रोत्साहन व छूटें देकर बढ़ावा देना होगा। जब तक इस उपलब्धि को राष्ट्रीय हित की तरह लेकर, सुनियोजित और समयबद्ध ढंग से नहीं पाया जाएगा तब तक हम उन्नत जमात में शामिल नहीं हो सकते। विडंबना है कि जिस रूस और अन्य पश्चिमी मुल्कों से हम खरबों डॉलर का आयात कर रहे हैं उन्हीं से तकनीक देने को कह रहे हैं ताकि वे वस्तुएं भारत में बन सकें, पर इसमें सफलता न्यून रही। कंप्यूटिंग क्षमता की बात करें तो आज भी हमारे पास सुपर कंप्यूटर नहीं है और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में तो हमारी स्थिति उस बच्चे की मानिंद है जो अभी चलना सीख रहा है। दवा क्षेत्र में, मुख्य घटक सामग्री और नवीनतम खोज के लिए हम अभी भी चीन और पश्चिमी मुल्कों पर निर्भर हैं।

सूची बहुत लंबी है लेकिन यह कहना भी ठीक नहीं कि हमारी उपलब्धियां नहीं हैं-बेशक हमारे पास आईआईटी, आईआईएम, एम्स जैसे विश्वस्तरीय संस्थान हैं लेकिन हमारी जरूरत के हिसाब से बहुत कम हैं और बड़ी बात यह कि यहां से प्रशिक्षित होकर निकली प्रतिभाओं को हम उचित माहौल देकर देश में नहीं रोक पा रहे। इन संस्थानों से पढ़कर निकले अधिकांश स्नातक उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए पश्चिमी देशों का रुख करते हैं। जाहिर है यहां पर वैसा मुफीद माहौल और अवसर नहीं हैं कि वे स्वदेश में रहना चुनें। सिलिकॉन वैली की तर्ज पर भारत में तंत्र बनाना होगा ताकि हम अपनी चोटी की प्रतिभाओं को देश में ही बनाए रखें। यह ब्रेन-ड्रेन हमारा बड़ा घाटा है। ध्यान का केंद्र उद्योगों और विश्वविद्यालयों के बीच साझेदारी बनाने और अनुसंधान के लिए सरकारी धन मुहैया करवाने पर हो। विकसित देशों में यही युक्ति कारगर रही है, जहां पर वे आपसी तालमेल से चलते हैं। हमें याद रखना होगा कि विदेशी ताकतों का हित इसी में है कि हम आत्मनिर्भर न बन पाएं। मौजूदा रिश्तों में, वे अपनी उपभोक्ता वस्तुओं से लेकर रक्षा उत्पादों की खपत के लिए भारत को एक बड़े बाज़ार की तरह देखते हैं।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

श्रीकंचनपथ

छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM

खास खबर

जिले के 87 अमृत सरोवर को दिया गया बेहतरीन स्वरूप

राजनांदगांव। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर जिले में अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। सरोवर हमारी धरोहर हैं। जल संरक्षण के साथ ही यह हमारी प्राचीन संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। सरोवर के रूप में हमारे धरोहर को सहेजने के लिए जिले के 87 अमृत सरोवर को बेहतरीन स्वरूप प्रदान किया गया है। कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार के निर्देशन में अमृत सरोवर में आजीविका संवर्धन के लिए कार्य किया जा रहा है। राजनांदगांव जिले में जिला पंचायत के माध्यम से कुल 87 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई थी। जिसमें से वर्तमान में शत-प्रतिशत अमृत सरोवरों के निर्माण पूर्ण कर वर्षा ऋतु में वर्षा जल के संरक्षण हेतु तैयार है। जिसके अंतर्गत प्रत्येक अमृत सरोवर में न्यूनतम 10 हजार घनमीटर पानी संग्रहित होगा। जो कि आने वाले समय में साल भर पानी की उपलब्धता को बनाये रखेगा। इन सभी अमृत सरोवरों को आजीविका गतिविधियों से जोडने् हेतु प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर सरोवरों को समूहों से जोड़कर आजीविका में वृद्धि की जा रही है। सभी 87 अमृत सरोवरों में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुये पानी आने के लिए इनलेट व पानी बाहर जाने के लिए आउटलेट तथा योजना के क्रियान्वयन हेतु पंचायत स्तर के नोडल अधिकारी उपयोगकर्ता समूह आस-पास के नागरिकों को जोड़कर ग्रामीणों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। राज्य शासन द्वारा आयुक्त मनरेगा कार्यालय से आए मुख्य अभियंता श्री कटारे ने जिले के 7 से अधिक अमृत सरोवर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बेहतर समाज निर्माण के लिए युवाओं को आगे आने का किया आव्हान

महासमुंद। प्रशिक्षण शिविर के दौरान युवाओं को बेहतर समाज निर्माण के लिए आगे आने का आव्हान किया गया। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर की पहल पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में युवाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। खरोरा के सांस्कृतिक भवन में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। समापन समारोह में बतौर अतिथि राज्य कृषक कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने युवाओं को समाज के प्रति जागरूक होने पर जोर देते हुए प्रेरक प्रसंग के माध्यम से युवाओं को समाज हित में अहम भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महात्मा गांधी व पं जवाहर लाल नेहरू का उदाहरण देते हुए कहा कि युवा, समाज की कुरीतियों को भी बदल सकते हैं। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा युवाओं की प्रतिभा को तराशने ओर उन्हें संगठित कर उपयुक्त मंच के माध्यम से उनकी ऊर्जा का उपयोग कर नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने की रही है।

हर समाज और वर्ग के लोगों का विकास हमारा ध्येयः भूपेश बघेल

मुख्यमंत्री ने कुर्मी समाज के छात्रावास भवन का किया उद्घाटन

मुख्यमंत्री को नागर, तलवार और पगड़ी पहनाकर किया सम्मानित

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कवर्धा के गांधी मैदान में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के वार्षिक अधिवेशन के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि कुर्मी समाज कृषि आधारित समाज है और प्रारंभ से ही खेती-किसानी से जुड़ा हुआ है। प्रदेश के कृषक वर्ग को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा कृषकों के हित में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वज स्वर्गीय डॉ. खूबचंद बघेल, स्वर्गीय डॉ. चंदूलाल चंद्राकर और अन्य पूर्वजों का सपना था कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण हो और छत्तीसगढ़िया किसान, मजदूर, श्रमिक, गरीब तथा पिछड़े तबकों की स्थिति में सुधार हो।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार सहित सभी क्षेत्रों छत्तीसगढ़ की स्थिति बेहतर हो। हमने साढ़े चार सालों में समाज के सभी वर्ग के लोगों की स्थिति को बेहतर बनाने का प्रयास

किया है। इस मौके पर समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को किसानों के प्रतीक नागर, तलवार और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने समाज द्वारा निर्मित छात्रावास भवन का उद्घाटन भी किया। अधिवेशन में पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर, अपेक्स बैंक के अध्यक्ष बैजनाथ चंद्राकर, राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य महेश चंद्रवंशी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हमारी सरकार आने के बाद हमने सबसे पहले किसानों का कर्जा माफ किया। समर्थन मूल्य में धान की साथ-साथ कोदो, कुटकी, रागी, मक्का और गन्ना खरीदी कर रहे है। इससे किसानों के आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ। राजीव गांधी किसान गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना से किसानों, ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति बदलाव आया है। राज्य के किसान कर्ज से चिंता मुक्त हो गए है। उन्होंने कहा कि सरकार की किसाना हितैषी नीतियों के चलते राज्य में खेती-किसानी को लेकर लोगों में रूचि बढ़ी है। खेती छोड़ चुके लोग भी अब खेती-किसानी से जुड़ने लगे है। उन्होंने कहा कि राज्य में समर्थन मूल्य पर धान बेचने वाले किसानों की संख्या और धान उर्पाजन की मात्रा बीते साढ़े चार सालों में दोगुनी हो गई है। पंजीकृत धान का रकबा बढ़कर अब 32 लाख हेक्टेयर हो गया है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि हम देश के सभी राज्यों के भ्रमण कर रहे है और किसानों से मिले है। अन्य राज्यों के किसान भी चाहते है कि छत्तीसगढ़ के किसानों के जैसा उन्हें भी राजीव गांधी किसान न्याय योजना लाभ मिले। आज छत्तीसगढ़ मॉडल की चर्चा पूरे देश में हो रही है। छत्तीसगढ़ में हमारे ग्रामीण, किसान, पशुपालक गोबर बेचकर मोटर साइकिल खरीद रहे है। गोबर से वर्मी कम्पोस्ट, प्राकृतिक पेंट तैयार किया जा रहा है, जिसका उपयोग सभी शासकीय कार्यालयों के रंग-रोगन में हो रहा है। गौठानों में स्थापित रीपा के माध्यम से महिलाओं को गांव में ही रोजगार मिलने लगा है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि पुरखो के सपनों के अनुरूप आप सबके सहयोग से आज यहां छात्रावास बनकर तैयार हुआ है। आज वनांचल क्षेत्र सुकमा, बस्तर के विधार्थी मेरिट लिस्ट में आ रहे है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान को बनाए रखने के लिए छत्तीसगढ़ी परम्परा को बढ़ावा दिया जा रहा है।

हरेली, तीजा, दशहरा और छत्तीसगढ़ी त्योहार में सार्वजनिक अवकास घोषित किया गया है। छत्तीसगढ़ की संस्कृति और खाना-पान को बढ़ावा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के सम्मान में राज गीत बनाया गया है, जिससे अब लगता है कि छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ियों की सरकार है और पुरखा के सपने साकार हो रहे है। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष लाल बहादुर चंद्रवंशी, लालजी चंद्रवंशी, शिवकुमार चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य तुकाराम चंद्रवंशी, श्री नीलकंठ चंद्रवंशी एवं समाजिक पदाधिकारी सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग अन्य प्रदेशों के वित्त आयोगों की कार्यप्रणाली का कर रहा है अध्ययन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग अन्य प्रदेशों के वित्त आयोगों के कार्यप्रणाली का अध्ययन कर रहा है और अध्ययन से प्राप्त जानकारियों को प्रदेश के अनुकूल क्रियान्वयन की पहल भी कर रहा है। छत्तीसगढ़ के चौथे राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष सरजियस मिंज के नेतृत्व में आयोग का प्रतिनिधिमंडल मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग की कार्यप्रणाली के तुलनात्मक अध्ययन के लिए तीन दिवसीय मध्यप्रदेश राज्य के दौरे पर रहा।

चौथे वित्त आयोग के सदस्यों ने मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग द्वारा शासन के विभिन्न विभागों के लिए आयोग के अनुशंसाओं के क्रियान्वयन की व्यवस्था तथा स्थानीय निकायों की वर्तमान स्थिति के अध्ययन के लिए मध्यप्रदेश के पांचवें वित्त आयोग के पदाधिकारियों तथा मध्यप्रदेश शासन के अधिकारियों के साथ बैठक की।

सरजियस मिंज ने आयोग की यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे कई अहम जानकारियां मिली है, जो छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग को प्रदेश के अनुकूल अनुशंसा में सहायक सिद्ध होगा।

उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश वित्त विभाग के अधिकारियों ने आयोग के अनुशंसाओं पर राज्य शासन के निर्णय तथा अनुशंसाओं का राज्य वित्त पर भार, स्थानीय निकायों का प्रभार और आयोग की अनुशंसा पर अंतरित राशि के वितरण के संबंध में मध्यप्रदेश में स्थापित प्रणाली से अवगत कराया। इसी प्रकार नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने आयोग के सदस्यों को मध्यप्रदेश राज्य वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित राशि अंतरण हेतु स्थानीय निकायों के लिए विशेष दिशा-निर्देश बनाए जाने के बारे में जानकारी दी, जिससे इन संस्थाओं को राज्य वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित राशि के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके।

दौरे के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग के प्रतिनिधि मंडल ने इंदौर नगर पालिक निगम के अधिकारियों के साथ बैठक कर निगम की आय के स्त्रोतों, करों के प्रकार, कर संग्रहण की प्रणाली तथा निगम के आय व व्यय के संबंध में जाना। इस दौरान नगर पालिक निगम इंदौर के स्वच्छता मॉडल के बारे में भी आयोग के सदस्यों को जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य वित्त आयोग के सचिव सतीश पाण्डेय, संयुक्त सचिव जे.एस. बिरदी, अनुंसधान अधिकारी सुश्री पायल गुप्ता भी अध्ययन भ्रमण के प्रतिनिधिमंडल में शामिल रहे।

गरीबों के उत्थान के लिए करें हर संभव कार्य - गिरिराज सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

जगदलपुर। केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री गिरिराज सिंह ने गरीबों के कल्याण को ध्यान में रखकर भरसक कार्य करने को कहा। गुरुवार को देर शाम जगदलपुर स्थित विश्राम भवन में उन्होंने बस्तर जिले में संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत अधिक से अधिक परिवारों को बैंक लिंकेज के माध्यम से लाभान्वित करने को कहा, जिससे समूह के सदस्य आजीविका मूलक कार्य करते हुए आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। उन्होंने अमृत सरोवर योजना के तहत किए जा रहे तालाबों के खनन की जानकारी लेते हुए कहा कि भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए जल संरक्षण का कार्य तेजी से किया जाना चाहिए। इसी तरह वाटरशेड के कार्य में भी फलदार वृक्ष के के पौधों के रोपण को महत्व देना चाहिए, जिससे लोगों के रोजगार और पोषण की समस्या का निदान हो सके। उन्होंने प्रधान मंत्री आवास के आसपास के रिक्त स्थानों के साथ ही सड़कों के किनारे भी आम, अमरूद, कटहल इत्यादि फलदार वृक्ष के के पौधों के रोपण पर भी जोर दिया।

मंत्री ने मनरेगा के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि 100 दिन कार्य करने वाले मजदूरों को उन्नति योजना के तहत निशुल्क आवासीय कौशल प्रशिक्षण प्रदान करें।

उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण वाटिका बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि इन पोषण वाटिकाओं में मुनगा के पौधे अवश्य लगाए जाएं, क्योंकि इनके फलों के साथ ही पत्तियां भी बहुत से पोषक तत्वों से भरपूर होती है। विशेषकर खून की कमी के मामलों में यह बहुत ही कारगर है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कबीरधाम जिले को दी 140.50 करोड़ रूपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कबीरधाम जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान कवर्धा के न्यू हाईटेक बस स्टैंड में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कार्यो का शिलान्यास और लोकार्पण किया। उन्होंने लगभग एक अरब 40 करोड़ 50 लाख रूपए के विभिन्न विकास मूलक कार्यों की सौगात दी। इन सौगातों में 24 अलग-अलग विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास शामिल है। जिसमें 45 करोड़ 92 लाख 41 हजार रूपए की लागत के 6 कार्य का लोकार्पण और 94 करोड़ 56 लाख 80 हजार रूपए लागत के 18 कार्यों का शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री व कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर, पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चन्द्राकर, राज्य क्रेडा सदस्य कन्हैया अग्रवाल, राज्य योग आयोग सदस्य गणेश योगी, नीलकंठ चन्द्रवशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती पुष्पा होरी साहू, जिला कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्यक्ष चोवा राम साहू, कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि कुमार शर्मा, राज्य मनरेगा सदस्य कलीम खान सहित वरिष्ठ जनप्रतिनिधी शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर श्री जनमेजय

महोबे विशेष रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने जिन कार्यों का लोकार्पण किया उनमें 27 करोड़ 77 लाख 73 हजार रूपए की लागत से जल आवर्धन योजना, 9 करोड़ 69 लाख 56 हजार रूपए की लागत से हाईटेक बस स्टैण्ड निर्माण एवं बाह्य विकास कार्य, 53 लाख 76 हजार रूपए की लागत से पौनी पसारी योजना 02 नग (लघु बाजार निर्माण), 1 करोड़ 34 लाख रूपए की लागत से कवर्धा में अग्निशमन केन्द्र कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, 4 करोड़ 65 लाख रूपए की लागत से विकासखंड बोड़ला के ग्राम झलमला में शासकीय महाविद्यालय भवन का निर्माण कार्य, और 1 करोड़ 91 लाख रूपए की लागत से पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास चिल्फी भवन निर्माण कार्य शामिल है।

मुख्यमंत्री ने जिन कार्यों का भूमिपूजन किया, उनमें 4 करोड़ 34 लाख 54 हजार रूपए की लागत से विकासखंड कुसुमघटा से बोईरकछरा मार्ग के फोंक नदी पर उच्च स्तरीय पुलमय पहुंचमार्ग का निर्माण कार्य, 7 करोड़ 56 लाख 84 हजार रूपए की लागत से बांटीपथरा से कुई मार्ग हाफनदी पर उच्चस्तरीय पुल सहित पहुंचमार्ग का निर्माण कार्य, 4 करोड़ 78 लाख 96 हजार रूपए की लागत से अमेरा से सिली मार्ग पर नीरा नदी पर उच्च स्तरीय पुल सहित पहुंचमार्ग निर्माण कार्य, 6 करोड़ 20 लाख 70 हजार रूपए की लागत से रामपुर बरेड़ा व्यपवर्तन योजना, 43 करोड़ 81 लाख 24 हजार रूपए की लागत से कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया की हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य एवं फीडर तथा रमतला जलाशय का शीर्ष कार्य, नहरों का रिमॉडलिंग कार्य एवं क्रांति जलाशय तथा देवसरा जलाशय के नहरों का रिमॉडलिंग, लाईनिंग तथा नहर विस्तारीकरण कार्य, 1 करोड़ 16 लाख 21 हजार रूपए की लागत से दुधिया माईनर का रिमाडलिंग एवं नहर विस्तारीकरण कार्य, 1 करोड़ 71 लाख 09 हजार रूपए की लागत से सरसहा जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य, 2 करोड़ 73 लाख 51 हजार रूपए की लागत से दुल्हार जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य, 1 करोड़ 55 लाख 18 हजार रूपए की लागत से नक्टा जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य, 1 करोड़ 91 लाख 52 हजार रूपए की लागत से पो. मै. पिछड़ा वर्ग बालक छात्रावास कवर्धा भवन निर्माण कार्य, 5 करोड़ 1 लाख 33 हजार रूपए की लागत से बड़ौदा से दैहानडीह मार्ग का निर्माण पुल-पुलिया सहित लंबाई 2.80 किमी का निर्माण कार्य, 1 करोड़ 66 लाख 60 हजार रूपए की लागत से मुख्यमार्ग से राईसमिल के पास पुसेरा तक लंबाई 1.60 किमी का निर्माण और 75 लाख 23 हजार रूपए की लागत से ग्राम अचानकपुर में हाईस्कूल भवन निर्माण कार्य शामिल है।

निःशुल्क कोचिंग के लिए प्राक्कयन परीक्षा 12 को

मोहला। कलेक्टर एस जयवर्धन की विशेष पहल से जिले के शिक्षित युवाओं के लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क कोचिंग प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए जिले के स्थानीय अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया था। निःशुल्क कोचिंग में प्रवेश के लिए प्राक्कयन परीक्षा 12 जून सोमवार को आयोजित किया जाएगा। प्राक्कयन परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित की जाएगी। प्राक्कयन परीक्षा के लिए शासकीय नवीन महाविद्यालय मोहला में रोल नंबर 23060001 से 23060310 तक तथा स्वामी आत्मानंद विद्यालय मोहला में रोल नंबर 23060311 से 23060590 तक केन्द्र बनाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राक्कयन परीक्षा ओएमआर एवं वैकल्पिक प्रश्नों पर आधारित होगी, जिसमें कुल 100 प्रश्न पुछे जाएंगे।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार
होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

छात्रावासों-आश्रमों में अध्ययनरत् बच्चों के व्यक्तित्व विकास पर दें विशेष ध्यानः शम्मी आबिदी

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास शम्मी आबिदी ने कहा कि छात्रावास-आश्रमों में अध्ययनरत बच्चों को आधारभूत सुविधाओं के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस कार्य को छात्रावास अधीक्षकों को पूरी ईमानदारी के साथ करना चाहिए। आज के बच्चे ही कल का भविष्य हैं, अतः उनमें अनुशासन एवं अच्छे गुणों का विकास करने में आपकी बहुत अहम भूमिका है। श्रीमती आबिदी ने इस आशय के विचार आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के तत्वाधान में ठाकुर प्यारेलाल राज्य पंचायत एवं ग्रामीण विकास संस्थान निमोरा रायपुर में चल रही तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स की कार्यशाला को संबोधित करते हुए व्यक्त किए।

आयुक्त शम्मी आबिदी ने कहा कि छात्रावास-आश्रमों में अध्ययनरत बच्चों के आधार कार्ड प्राप्त कर उन्हें ऑनलाइन पोर्टल में दर्ज करने के निर्देश अधीक्षकों को दिए। इसके अलावा संस्था में उपलब्ध कैश बुक, उपस्थिति पंजी सहित अन्य सभी अभिलेखों के उचित संधारण हेतु भी निर्देशित किया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिन अलग-अलग विषयों पर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। आज सत्र के प्रथम चरण में अपर संचालक ए.आर. नवरंग द्वारा जाति प्रमाण पत्र बनाने एवं सत्यापन प्रक्रिया के बारे में सरलीकरण की दिशा में राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देश अंतर्गत विभाग द्वारा इस संबंध में किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। अपर संचालक ए.के. गढ़ेवाल ने सूचना के अधिकार अधिनियम-2005 की विस्तार से जानकारी देते हुए इसके अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए निपटारा करने का आग्रह किया। उन्होंने इस संबंध में प्रथम अपील, द्वितीय अपील की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया तथा साथ ही अधिनियम अंतर्गत विलंब से जानकारी देने पर दंडात्मक प्रावधानों की भी जानकारी दी।

सहायक आयुक्त धमतरी सुश्री रेशमा खान ने छात्रावास-आश्रम के विद्यार्थियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने विशेषकर कन्या छात्रावास आश्रमों की अधीक्षिकाओं को, वहां अध्ययनरत बच्चियों को मासिक धर्म के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों के बारे में बताया। साथ ही आकस्मिक स्थिति में बच्चों के उपचार के संबंध में अपनाएं जाने वाली सावधानियों की भी विस्तार से जानकारी दी। उपायुक्त माया वारियर ने छात्रावास-आश्रमों के कुशल संचालन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी विभाग के कुशल संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं। अतः आपके स्तर पर इन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो, इसका भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। उपायुक्त तारकेश्वर देवांगन ने छात्रावास-आश्रमों के संचालन में आने वाली समस्याओं एवं उनके निदान पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधीक्षक का यह पहला कर्तव्य है कि उसके प्रभार अंतर्गत आने वाले छात्रावास-आश्रम में आने वाली किसी भी समस्या से सर्वप्रथम सहायक आयुक्त को अवगत कराए, ताकि समय रहते समस्या का बेहतर निदान किया जा सके।

अपर संचालक संजय गौड़ ने वन अधिकार अधिनियम-2006 के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए इसके संबंध में अधीक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। अपर संचालक जितेन्द्र गुप्ता एवं संयुक्त संचालक जीआर मरकाम द्वारा भी प्रशिक्षणार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यशाला में जिलों में पदस्थ छात्रावास अधीक्षक एवं नवनियुक्त सहायक संचालक को प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, ताकि वे मास्टर ट्रेनरर्स के रूप में जिले में बेहतर कार्य कर सकें।

बच्चों को 'गुड टच' एवं 'बैड टच' के संबंध में करें जागरूक

संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग नंदलाल चौधरी ने किशोर न्याय अधिनियम-2000 एवं लैंगिक अपराधों से बच्चों का संरक्षण विषय पर विस्तार से जानकारी दी। आपने 'गुड टच' एवं 'बैड टच' के संबंध में बच्चों को जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग की हेल्पलाईन नंबर 1098 का अपने स्तर पर प्रचार करने का आग्रह किया, ताकि बच्चों के प्रति किए हो रहे अपराधों पर लगाम लगाई जा सके। इस दिशा में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। श्री चौधरी ने बताया कि किशोर न्याय अधिनियम-2000 की प्रस्तावना एवं 16 सिद्धांत ही इसकी आत्मा है। उन्होंने बच्चों के साथ एक ऐसा प्रगाढ़ संबंध बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया, जिसमें बच्चे हर छोटी-बड़ी बात अधीक्षक को बताने में झिझके नहीं, तभी उनकी समस्या का सही निराकरण संभव होगा।

रायपुर जिले की बनेगी रोजगार योजना

रायपुर। जिला प्रशासन द्वारा रायपुर जिले का रोजगार योजना 2023-24 तैयार किया जाएगा। इस योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को योग्यता एवं रूचि के अनुसार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए शाखा तैयार किया जाएगा। इस परिपेक्ष्य में 12 जून को शाम 4 बजे रेडक्रास सभाकक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

इस बैठक में विभिन्न संस्था से प्रतिनिधी शामिल होगे जो वर्तमान एवं आगामी 6 माह की संभाविक रोजगार अवसरों की जानकारी प्रस्तुत करेंगे। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने इस संबंध में विभ्भिन संस्थाओं के अध्यक्ष को पत्र लिखा है।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के न्यूनतम 12वी. कक्षा उत्तीर्ण एवं रोजगार कार्यालय में विगत 02 वर्ष से पंजीकृत युवाओं को अन्य शर्तों को पूर्ण करने पर बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध कराया जा रहा है। रायपुर जिले में लगभग 4800 युवाओं को बेरोजगारी भत्ता उपलब्ध कराया जा रहा है।

गौठानों में होगी बेहतर पेयजल व्यवस्थाः मंत्री गुरु रूद्रकुमार

गौठानों में बेहतर पेयजल व्यवस्था की निरंतरता बनाने होगा नलकूप खनन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य में प्राथमिकता से संचालित नलजल योजना में अतिरिक्त स्त्रोत निर्माण के जरिये पेयजल की निरंतरता को बनाए रखने के लिए नलकूप खनन किए जा रहे हैं। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने गौठानों में बेहतर पेयजल व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। जिसके परिपालन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा वर्ष 2023-24 के अवधि में राज्य मद के अंतर्गत पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु 5007 नलकूप खनन का अंतरिम लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत बने 785 गौठानों में पेयजल की निरंतरता को बनाए रखने के लिए नलकूप खनन किया जा रहा है। राज्य में बेहतर पेयजल व्यवस्था की निरंतरता को बनाए रखने के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गौठानों में नलकूप खनन किया जा रहा है। जिसके तहत रायपुर जिले के 40 गौठान, बलौदाबाजार 50, गरियाबंद 8, धमतरी 8, महासमुंद 50, दुर्ग 80, बेमेतरा 50, बालोद 8, राजनांदगांव 35, कबीरधाम 50, बस्तर 50 और कोण्डागांव जिले के 50 गौठानों में नलकूप खनन किया जा रहा है। इसी तरह कांकेर जिले में 50, बिलासपुर 50, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 8, मुंगेली 50, कोरबा 8, जांजगीर-चांपा 50, रायगढ़ 50, जशपुर 8, सरगुजा 8, बलरामपुर 8, सूरजपुर 8 और कोरिया जिले के 8 गौठानों में नलकूप खनन किया जा रहा है।

विधि विश्वविद्यालयों के 45 छात्रों ने टी विथ डिग्निट्रिज कार्यक्रम में लिया हिस्सा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर के गांधी चौक स्थित छत्तीसगढ़ लोक आयोग कार्यालय में विभिन्न विधि विश्वविद्यालयों से आए हुए लगभग 45 छात्र-छात्राओं ने इंटर्नशिप कार्यक्रम में भाग लिया। छात्रों द्वारा सफलतापूर्वक इंटर्नशिप पूर्ण किये जाने के बाद उनके लिए छत्तीसगढ़ लोग आयोग ने 'टी विथ डिग्निट्रिस' कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रमुख लोकायुक्त टीपी शर्मा, सचिव अनुराग पाण्डेय, विधि सलाहकार सत्येंद्र कुमार साहू एवं वित्तीय सलाहकार श्रद्धा त्रिवेदी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आए अतिथियों ने विधि के विद्यार्थियों को विधि व्यवसाय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विधि के क्षेत्र में उन्हें रोजगार के समुचित अवसर के संबंध में मार्गदर्शन भी प्रदान किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं को सफलतापूर्वक इंटर्नशीप पूर्ण करने के उपलक्ष्य में प्रमाण-पत्र जारी किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह का समापन

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। राजधानी रायपुर के संचालनालय पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, रायपुर में 5 से 9 जून तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह का आज समापन हुआ। इसके अंतर्गत महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय रायपुर में छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण अभिलेखों की छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई थी। समापन समारोह के व्याख्यान कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता के रूप में पुरातत्त्व, संग्रहालय एवं राज्य अभिलेखागार (राजस्थान) के संचालक डॉ. महेन्द्रजी खड़गावत (आई.ए.एस.) और विदर्भ अभिलेखागार नागपुर (महाराष्ट्र) के पुरालेख अधिकारी केडी खंदारे उपस्थित थे।

पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय के संचालक विवेक आचार्य ने वक्ताओं का स्वागत किया और अपने उद्बोधन में छत्तीसगढ़ में अभिलेखागार की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के बाद विगत 23 वर्षों में छत्तीसगढ़ से संबंधित एवं संधारित किये जाने योग्य सन् 1880 से 1956 तक के ऐतिहासिक दस्तावेजों में से चयन कर अब तक 6 लाख 8 हजार 924 पृष्ठ डिजिटल, हार्ड कापी एवं माइक्रो फिल्म के रूप में अभिलेखागार में लाए गए हैं। जिनका सूचीकरण का कार्य जारी है। डॉ. खड़गावत ने अभिलेखों के डिजिटलीकरण और अभिलेखागार में नवीन तकनीक के उपयोग पर प्रकाश डाला तथा चित्र और वीडियो के माध्यम से बीकानेर स्थित डिजिटल अभिलेखागार के विषय में बताया। वहीं खंदारे ने अभिलेखों के प्रकार, उनके वर्गीकरण, व्यवस्थापन, संधारण और संरक्षण के तरीकों पर विस्तृत जानकारी दी।

आर्ट गैलरी में संचालनालय के अभिलेखागार प्रभाग द्वारा चयनित अभिलेखों में सन् 1952 में भारत के विभिन्न विलीनीकृत राज्यों जैसे रायगढ़, सारंगढ़, जशपुर, बस्तर, कांकेर, सरगुजा, नांदगांव और कवर्धा राज्य के ध्वजों, क्रांतिकुमार भारतीय द्वारा दिये गए वक्तव्य, स्वरचित कविता वीरों की होली, महात्मा गांधीजी के छत्तीसगढ़ में आगमन से संबन्धित दस्तावेज़, काशी नगरी प्रचारणी के हीरक जयंती उत्सव पर अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्लजी का सम्मेलन और गोष्ठी के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रभाषा के संबंध में भाषण, राजिम ग्राम पंचायत का गठन 1938-1941 से संबंधित दस्तावेज़ और सन् 1949 में चक्रवर्ती राजगोपालाचार्य का रायपुर के राजकुमार कालेज में आगमन इत्यादि से संबन्धित लगभग 150 पृष्ठों की प्रदर्शनी लगाई गई थी। इस प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन किया।

राजेन्द्र पहले था बेरोजगार, अब हर महिने कमा रहा दस हजार रुपए

मिनीमाता स्वालंबन योजना से खोला जनरल स्टोर, डेढ़ लाख रूपये अनुदान भी मिलेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। रायपुर जिले के तिल्दा तहसील के रजिया गांव में रहने वाले राजेन्द्र कुमार कमल सरकारी योजना का लाभ लेकर आगे बढ़ने की एक और मिसाल बन गए है। राजेन्द्र पहले बेरोजगार थे। खेती किसानी के सीजन में मेहनत मजदूरी कर जीवन-यापन करते थे। अनुसूचित जाति के राजेन्द्र ने फिर मिनीमाता स्वालंबन योजना से गांव में छोटा फैंसी स्टोर खोला। अपनी मेहनत के बल पर राजेन्द्र का फैंसी स्टोर चल निकला और इससे हुई कमाई से राजेन्द्र ने बाजू में ही जनरल स्टोर भी शुरू कर लिया। आज राजेन्द्र अपने ही गांव में हर महिने दस हजार रुपए कमा रहा है। इतना ही नहीं राजेन्द्र ने अपने छोटे भाई को भी अपने साथ काम में लगाकर

उसकी बेरोजगारी भी दूर कर दी है। अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित मिनीमाता स्वालंबन योजना ने राजेन्द्र को स्वरोजगार से जोड़कर स्वालंबी बना दिया है। राजेन्द्र बताते है कि छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना से अनुसूचित जाति वर्ग के बेरोजगार युवा सक्षम हो रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों का जीवन स्तर सुधारने और सम्मान पूर्वक रहने में इस योजना का बड़ा योगदान है। राजेन्द्र ने अपने वर्ग के दूसरे बेरोजगार युवाओं से भी शासन की इस महत्वपूर्ण योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

तिल्दा तहसील के रजिया गांव के राजेन्द्र कमल बताते है कि पहले खेतीहर मजदूरी कर गरीबी में जीवन-यापन कर रहे थे। इतनी आमदनी नहीं थी कि परिवार में मां, छोटा भाई और पत्नी की जरूरतें अच्छे से पूरी हो सके। तीन साल पहले एक दोस्त के माध्यम से राजेन्द्र को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई जा रही मिनीमाता स्वालंबन योजना की जानकारी मिली। राजेन्द्र ने योजना के तहत जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कार्यालय से संपर्क कर दो लाख रूपये का लोन मंजूर कराया। इस लोन से राजेन्द्र ने गांव में ही अपनी छोटी सी जमीन पर 10×15 वर्गफीट आकार की दुकान बनाई और फेंसी स्टोर शुरू किया। राजेन्द्र की मेहनत से फैंसी स्टोर से अच्छी आय होने लगी। इसके बाद राजेन्द्र ने अपने व्यवसाय में छोटे भाई को भी शामिल कर लिया और नया जनरल स्टोर शुरू किया। अब राजेन्द्र की दुकान में फैंसी सामान के साथ-साथ रोजमर्रा की जरूरतों का सामान और किराना भी मिलता है। दुकानों से राजेन्द्र अब तीन हजार रुपए प्रतिदिन का व्यवसाय कर रहा है। इससे उसके परिवार की आर्थिक स्थिति सुधर गई है। दुकान शुरू करने से अपने गांव-समाज में ही नहीं बल्कि आसपास के गांवों में भी राजेन्द्र का मान-सम्मान बढ़ गया है।

राजेन्द्र ने बताया कि लोन स्वीकृति के समय अंत्यावसायी विभाग के अधिकारियों ने 36 महीने तक नियमित 2 हजार 55 रुपए किश्त पटाने पर डेढ़ लाख रुपए अनुदान मिलने की भी जानकारी दी थी। राजेन्द्र ने लगातार 35 महिनें तक यह किश्त पटा दी है। अगले महिने एक किश्त और पटाने के बाद दो लाख रुपए के लोन में से डेढ़ लाख रुपए का अनुदान मिला जाएगा। राजेन्द्र बताते है कि दुकानों में हर दिन तीन हजार रुपए का सामान बिकता है। सभी खर्च काटकर हर दिन ढाई सौ से तीन सौ रूपये तक की बचत हो जाती है। इस हिसाब से राजेन्द्र को प्रतिमाह लगभग दस हजार रूपये की शुद्ध बचत फैंसी-जनरल स्टोर से हो रही है और अगले महिने के बाद उसका लोन भी पूरा पट जाएगा। मिनीमाता स्वालंबन योजना के तहत रायपुर जिले में अब तक कुल 182 हितग्राहियों को स्वरोजगार के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

गर्मियों के मौसम में टैनिंग से पाएं छुटकारा, आजमाएं ये घरेलू पैंतरा

गर्मियों के मौसम में अपनी त्वचा को खूबसूरत और बेदाग रखना है... एक तरीका है! दरअसल गर्मी में सूरज की तेज किरणें हमारी त्वचा को तमाम तरह से नुकसान पहुंचाती है, जिससे हमारे माथे पर टैनिंग की शिकायत हो जाती है, ऐसे में हम कई तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं, मगर माथे का कालापन फिर भी साफ नजर आता है, ऐसे में आज कुछ आसान तरीकों के बारे में बात करेंगे, जिससे आप अपने माथे के कालेपन को जड़ से खत्म कर सकते हैं, ताकि आपकी त्वचा पर निखार झलकने लगे। आइए जानते हैं वो कौन से तरीके हैं।

हल्दी

एंटीबैक्टीरियल और रंगत निखारने वाली हल्दी के इस्तेमाल से माथे की टैनिंग हटा सकते हैं। इसके उपयोग से माथे का कालापन को दूर किया जा सकता है। इसके लिए आपको पहले कच्चा दूध लेना होगा, फिर उसमें हल्दी मिलाकर माथे पर लगाकर 20 मिनट तक सूखने देना होगा। इसके बाद हल्के हाथों से रगड़ कर साफ कर लेना होगा। रेगुलर ऐसा करने पर माथे की टैनिंग दूर हो जाएगी।

शहद और नींबू

शहद और नींबू का मिश्रण भी माथे की टैनिंग दूर करने के लिए कारगर है। इसके लिए आपको एक चम्मच शहद में, एक चम्मच नींबू का रस मिलाना है, फिर उसे उंगलियों से सिर पर लगाकर घंटाभर छोड़ देना होगा, जिससे आपके माथे की टैनिंग हल्की हो जाएगी। होता यूं है कि दरअसल ब्लीचिंग गुण से भरपूर नींबू मैल को हटाकर स्किन टोन को मेंटेन करता है।

बादाम का तेल

बस एक चम्मच बादाम का तेल, आपकी टैनिंग की समस्या को दूर कर सकता है. पहले आप एक कटोरी में बादाम का एक चम्मच तेल, दूध का पाउडर और शहद मिलाएं, इसे पेस्ट बनाकर अपने माथे पर लगाएं, फिर सूखने के लिए छोड़ दें। बाद में साफ कर दें और ये आपके माथे का कालापन गायब हो जाएगा।

आई विंक से रातों-रात मशहूर हुई थीं प्रिया प्रकाश, अब बताया कहां से आया आइडिया

प्रिया प्रकाश वारियर निर्देशक ओमर लूलू की फिल्म ओरु अदार लव में आंख मारने वाले सीन से रातोंरात फेमस हो गई थी। दस सेकंड के इस क्लिप में उन्होंने आंखों के इशारों से यंगस्टर्स को अपना दीवाना बना दिया था। वह इतनी लोकप्रिय हो गई थी कि फिल्म में माणिक्य मलाराया पूवी गाने में उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें विंक ब्यूटी के रूप में जाना जाने लगा। अब, कई सालों के बाद एक्ट्रेस ने बताया कि ये विंक मारने वाला आइडिया किसका था। एक्ट्रेस ने दावा किया कि फिल्म के लिए आंख मारने का आइडिया उन्होंने ही दिया था। ये बात सुनकर फिल्म के निर्देशक ने उनके दावों को गलत करार दिया और उनकी याददाश्त का मजाक उड़ाया है। उमर लुलु ने इंस्टाग्राम पर प्रिया प्रकाश वारियर की अलग अलग इंटरव्यू की एक क्लिप शेयर की, जो उनके अभी के बयान से अलग है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर उन्हें खरी-खोटी सुनाई और लिखा, बेचारा बच्चा 5 साल के लिए भूल गया होगा। इसके बाद डायरेक्टर ने उन्हें मेमोरी लॉस के लिए मेडिसन भी दी। उन्होंने अच्छी याददाश्त के लिए सुझाई गई दवाओं में से एक पोस्ट ये भी लिखा और कहा, यह मेरी फिल्म में आया और कई लोगों को डेडिकेटिड है, जिन्होंने बाद में अपनी याददाश्त खो दी। निर्देशक ने सुझाव दिया कि प्रिया को अच्छी याददाश्त के लिए आयुर्वेदिक दवा वल्ल्यचंदानादी लेनी चाहिए, और कहा कि यह विंक वाला उनका खुद का आइडिया था ये बात उन्होंने पांच साल पहले किसी इंटरव्यू में भी बोली थी।

यह सोशल मीडिया पर एक चर्चा का टॉपिक बन गया है, क्योंकि कई नेटिजन्स ने प्रिया प्रकाश वारियर और उमर लुलु के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है। कई फैंस ने एक्ट्रेस का मजाक उड़ाया एक ने लिखा, 5 साल हो गए हैं, दोनों को इसका क्रेडिट जाता है। हालांकि अभी प्रिया प्रकाश ने निर्देशक के कमेंट पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है।



स्टाइलिश आउटफिट में राधिका मदान की कूल तस्वीरें वायरल

फैंस की बढ़ी दिलों की धड़कनें

राधिका मदान अपनी खूबसूरती से फैंस के दिलों को बेताब करने का हुनर बखूबी जानती हैं। उनकी किलर तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, ग्रीन कलर की लेटेस्ट आउटफिट में एक्ट्रेस की बेहद ही स्टनिंग तस्वीरें वायरल हो रही हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान ग्रीन और व्हाइट कलर के कॉम्बिनेशन में बेहद ही स्टनिंग तस्वीरों में गजब ढाहती नजर आ रही हैं। ओपन हेयर स्टाइल के साथ एक्ट्रेस राधिका मदान अपने किलर अंदाज से फैंस के दिलों पर कहर बरपा रही हैं। टीवी सीरियल मेरी आशिकी तुम से ही से अपने करियर की शुरुआत करने वाली एक्ट्रेस राधिका मदान फिल्मों में भी जलवा बिखेरती रहती हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान अब बॉलीवुड में भी अपने झंडे गाड़ रही हैं। अपने अभिनय और खूबसूरती के दम पर एक्ट्रेस कई बड़े सितारों के साथ फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। वहीं, राधिका मदान ने फिल्म पटाखा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म में उनके दमदार रोल की सबने सराहना की। राधिका मदान फिल्म अंग्रेजी मीडियम, शिद्दत, मोनिका ओ माई डार्लिंग में नजर आ चुकी हैं। राधिका मदान की ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी पसंद आती हैं। वहीं, राधिका मदान का लेटेस्ट फोटोशूट देखकर फैंस उनकी खूबसूरती के कायल हुए जा रहे हैं। रेड बिकिनी में एक्ट्रेस राधिका मदान बेहद ही हॉट नजर आ रही हैं। फैंस उनकी टोंड बॉडी के दीवाने बने हुए हैं। एक्ट्रेस राधिका मदान की फैन फॉलोइंग 3.8 मिलियन फॉलोअर्स हैं।

रणबीर कपूर की एनिमल तय तारीख पर होगी रिलीज इन फिल्मों से होगी टक्कर

अभिनेता रणबीर कपूर की आगामी फिल्म एनिमल की लंबे समय से चर्चा हो रही है। यह फिल्म 11 अगस्त में रिलीज होगी। हालांकि, पिछले कुछ वक्त से ऐसी चर्चा थी कि एनिमल की रिलीज तारीख को आगे बढ़ा दिया है, लेकिन इन खबरों में कोई सच्चाई नहीं है। इस खबर की पुष्टि खुद जाने-माने समीक्षक तरण आर्दश ने की है। बता दें, 11 अगस्त को ही ओह माय गॉड 2 और गदर 2 भी रिलीज हो रही हैं।



फिल्म एनिमल का निर्माण भूषण कुमार की टी-सीरीज और इसका लेखन और निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा ने किया है। निर्माताओं का दावा है कि इसमें रणबीर ऐसे अंदाज में दिखेंगे, जैसे उन्हें पहले कभी नहीं देखा गया। एनिमल में रणबीर के साथ अनिल कपूर नजर आएंगे। इनके अलावा फिल्म में बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना और तृप्ति डिमरी भी महत्वपूर्ण किरदार निभाते दिखेंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, यह फिल्म एक बाप-बेटे के रिश्ते पर आधारित है।

वैक्सीन वॉर की रिलीज डेट टली अब दशहरे पर प्रदर्शित होगी

अपने पिछले निर्देशन, द कश्मीर फाइल्स की भारी सफलता के बाद, निर्देशक विवेक अग्निहोत्री ने अपनी अगली परियोजना, द वैक्सीन वॉर की घोषणा की। यह फिल्म पहले स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त, 2023 को 11 भाषाओं में रिलीज होने वाली थी। अब पता चला है कि फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ा दी गई है। द वैक्सीन वॉर अब इस दशहरे पर सिनेमाघरों में उतरेगी। निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने पुष्टि की है कि नाना पाटेकर द वैक्सीन वॉर में मुख्य भूमिका निभाएंगे। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने खबर शेयर करते हुए बताया कि फिल्म की रिलीज डेट टाल दी गई है। उन्होंने ट्वीट किया, विवेक अग्निहोत्री ने वैक्सीन वॉर को दशहरा 2023 में शिफ्ट किया है। तरण ने कहा, द कश्मीर फाइल्स के ब्लॉकबस्टर होने के बाद विवेक रंजन अग्निहोत्री और उनकी निर्माता-पत्नी पल्लवी जोशी वर्तमान में द वैक्सीन वार को अंतिम रूप दे रहे हैं। कुछ दिनों की शूटिंग अभी बाकी है। इसके अलावा दोनों की योजना भारत में प्रदर्शित होने से पूर्व यूएसए में प्रदर्शित करने की है।

विवेक अग्निहोत्री ने पिछले साल वैक्सीन वॉर की घोषणा की थी और इस प्रोजेक्ट को लेकर अपना उत्साह साझा किया था। फर्स्ट लुक पोस्टर में टैगलाइन एक युद्ध जिसे आप नहीं जानते कि आप लड़े और जीत गए को चित्रित किया। यह जल्द ही लखनऊ में फ्लोर पर चला गया। हालांकि फिल्म के बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया गया है, नाम उस विषय के बारे में बहुत कुछ बताता है जिस पर फिल्म आधारित है। यह दर्शाता है कि यह भारतीय जैव-वैज्ञानिकों और स्वदेशी टीकों के बारे में कुछ अध्याय खोलेगा। यह फिल्म कोविड-19 महामारी के अनिश्चित समय के दौरान चिकित्सा बिरादरी और वैज्ञानिकों के समर्पण को श्रद्धांजलि देगी। यह फिल्म इस दशहरे पर हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, पंजाबी, भोजपुरी, कन्नड़, तमिल, तेलुगु, मलयालम, गुजराती और मराठी में रिलीज होगी।

पतली सी डोरी पर टिकी श्वेता तिवारी की हद से ज्यादा डीपनेक ड्रेस

टीवी एक्ट्रेस श्वेता तिवारी हमेशा अपनी फिटनेस और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी लुक फैंस के बीच शेयर करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस का हॉटनेस भरा अंदाज देखकर फैंस की सांसे थम गई हैं। एक्ट्रेस श्वेता तिवारी टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनका हर लुक फैंस के बीच सुर्खियां बटौरने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस ने पोल्का डॉट थाई स्लिट ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद ही सेक्सी दिखाई दे रही हैं। श्वेता तिवारी ने अपनी इन फोटोज में परफेक्ट टोंड फिगर फ्लॉन्ट करते हुए कैमरे के सामने सिजलिंग और हॉट पोज दिए हैं। ओपन हेयर, मिनिमल मेकअप कर के एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने इस लुक को और भी अच्छे से निखारा है। एक्ट्रेस का इन तस्वीरों में हॉट अंदाज फैंस को काफी पसंद आ रहा है। और वो उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थक रहे हैं। श्वेता तिवारी अपनी इन फोटोज में चेहरे पर प्यारी सी स्माइल देते हुए कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग काफी तगड़ी है।

जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगी प्रियंका चोपड़ा

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा दक्षिण भारतीय स्टार जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं।

प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड के अलावा हॉलीवुड फिल्मों में भी कामयाबी का परचम लहराया है। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा हॉलीवुड की वेब सीरीज सिटाडेल में नजर आई थीं। चर्चा है कि प्रियंका चोपड़ा निर्देशक प्रशांत नील की फिल्म में जूनियर एनटीआर के साथ नजर आने वाली है। यह फिल्म इंडिया-पाकिस्तान वॉर पर बेस्ड होने वाली है।

बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए दीपिका पादुकोण और मृणाल ठाकुर से भी बात की गई थी लेकिन बात नहीं बनी। यदि सबकुछ सही रहा तो प्रियंका, जूनियर एनटीआर के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। जूनियर एनटीआर इस फिल्म के अलावा 'देवरा' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। जूनियर एनटीआर की फिल्म 'देवरा' में उनके साथ सैफ अली खान और जाह्नवी कपूर भी नजर आने वाली है।

हेल्दी बॉडी के लिए पानी जरूरी, लेकिन हर उम्र के लिए है अलग-अलग नियम!

एक हेल्दी शरीर सही ढंग से काम करे.... इसलिए जरूरी है पानी! लेकिन क्या बूढ़े, वयस्क और किशोर सभी के लिए पानी की मात्रा एक समान होगी, जवाब है नहीं... दरअसल शरीर को सही तरह से काम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यक्ता होती ही है, क्योंकि हमारा शरीर करीब-करीब 65-70 प्रतिशत तक पानी से बना होता है, इस लिहाज से विभिन्न कार्यों के लिए पानी बेहत जरूरी है, लेकिन ये जरूरत उम्र, लिंग, शारीरिक वजन या फिर जलवायु के आधार पर भिन्न-भिन्न हो सकती है। ऐसे में आइये आज समझे कि अलग-अलग उम्र के लोगों में अपने शरीर के हिसाब से कितना पानी चाहिए, साथ ही जानेंगे क्या हो अगर हमारे शरीर को पर्याप्त पानी न मिले।

किसे कितना पानी पीना चाहिए?

बूढ़े व्यक्ति- अगर उम्र 65 साल या उससे ज्यादा है, तो आपको रोजाना करीब 8-11 कप या 2000 से 3000 मिलीलीटर तक पानी पीने की जरूरत है, क्योंकि इस उम्र में डिहाइड्रेशन का खतरा कई गुना तक बढ़ जाता है, ऐसे में अगर शरीर को सही मात्रा में पानी नहीं मिला तो इससे उन्हें खतरा है।

वयस्क- अगर उम्र 19 से 64 साल के बीच है तो प्रति दिन 8-11 कप यानि 2000 से 3000 मिलीलीटर तक पानी का सेवन करना चाहिए, बिल्कुल 65 साल या उससे ज्यादा उम्र वालों की तरह।

किशोरावस्था- 14 से 18 साल की उम्र वाले लोग यानि कि किशोरावस्था के लोगों को हर दिन 1900 से 2600 मिलीलीटर यानि 8-11 कप तक पानी उनके शरीर के लिए जरूरी है।

9-13 साल के बच्चे- इस उम्र के बच्चों को भी अपनी सेहत सही रखने के लिए रोजाना 7 से 8 कप या 1600-1900 मिलीलीटर तक पानी का सेवन करना चाहिए।

4 से 8 साल के बच्चे- इस उम्र के बच्चे अगर प्रतिदिन 1200 मिलीलीटर या 5 कप तक पानी पीएं, तो उनकी सेहत के लिए बेहतर है, साथ ही उनके शरीर को एनर्जी भी मिलेगी।

1-3 साल के बच्चे- अगर बच्चे की उम्र अभी महज 1-3 साल के बीच है तो हर दिन 4-5 कप या 800-1000 मिलीलीटर तक पानी उसके लिए पर्याप्त है। इससे उसका शरीर स्वस्थ रहेगा।

भारतीय रीमेक सिटाडेल के लिए वरुण धवन, सिकंदर खेर ले रहे एक्शन की ट्रेनिंग

एक्टर वरुण धवन और सिकंदर खेर सिटाडेल के अपकमिंग भारतीय रीमेक के लिए एक्शन ट्रेनिंग पर जोर दे रहे हैं। वरुण और सिकंदर ने सीक्वेंस को करने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक, एक्टर फिलहाल एक्शन सीक्वेंस की तैयारी के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं।

प्रोडक्शन से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक- सीरीज में हाई-इंटेंस एक्शन होने वाला है और यह एक स्पाई सीरीज होने के नाते इसमें मूवमेंट और फाइट सीक्वेंस में एक खास तेजी होनी चाहिए, जिसके लिए अभी ट्रेनिंग चल रही है। सीरीज के लिए जुलाई तक शूट जारी रहेगा। सीरीज में सामंथा रुथ प्रभु भी हैं। द फैमिली मैन के निर्माता राज और डीके द्वारा निर्देशित सिटाडेल उसी नाम की बड़ी इंटरनेशनल सीरीज का इंडियन काउंटरपार्ट है, जिसे ओरिजनल से निर्देशक जोड़ी रूसो ब्रदर्स द्वारा बनाया गया है। सीरीज के ग्लोबल वर्जन में प्रियंका चोपड़ा जोनस और रिचर्ड मैडेन हैं।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

खास खबर

13 जून को कांग्रेस का सरगुजा संभाग सम्मेलन

रायपुर। आसन्न विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सरगुजा संभाग का संभागीय सम्मेलन का आयोजन 13 जून 2023 को होटल ग्रैण्ड बसंत, खरसिया रोड, अंबिकापुर में सुबह 11 बजे किया गया है, जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश प्रभारीगण डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का, संयुक्त सचिव विजय जांगिड़ एवं समस्त मंत्रीगण छत्तीसगढ़ शासन, समस्त सदस्यगण लोकसभा एवं राज्यसभा तथा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिवगण राजेश तिवारी, विकास उपाध्याय, पारस चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मेलन में सरगुजा संभाग के समस्त विधायकगण, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला प्रभारी पदाधिकारीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण, मोर्चा, संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्षगण, जिला कांग्रेस कमेटियो के कार्यकारिणी, समस्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगण, जिला एवं जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष एवं सभापति, नगर पालिका निगम के महापौर एवं सभापति एवं पार्षदगण, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षगण, निगम मंडल बोर्ड के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण कृषि उपज मंडी, सहकारी समितियों के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेंगे।

समाज -सेवी संस्था दोस्त ने किया परिचर्चा का आयोजन

रायपुर। समाज -सेवा के अन्य क्षेत्रों की तरह मेडिकल फील्ड में भी सामाजिक सरोकारों का होना बहुत ज़रूरी है। राजधानी रायपुर की समाज सेवी संस्था डॉक्टर्स ऑन स्ट्रीट (दोस्त) की ओर से यहाँ युवा सामाजिक सरोकारों के लिए एक निजी चिकित्सालय में कल आयोजित परिचर्चा में अनेक प्रबुद्ध जनों ने इस आशय के विचार व्यक्त किए। परिचर्चा में मेडिकल फ़ील्ड से जुड़े अनेक डॉक्टर,दवा कम्पनियों के प्रतिनिधि, पैरामेडिकल कर्मचारी , फ़ार्मासिस्ट तथा नर्सिंग और अन्य कॉलेजों के विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ . सत्यजीत साहू ने वर्तमान सामाजिक चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में युवाओं की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने समाज सेवा के रचनात्मक कार्यों के लिए सही सोच,सही समझ और सही नीयत को सबसे ज़रूरी बताया ।डॉ. साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन हम सबके लिए सामाजिक सरोकारों का आदर्श है। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश दवा प्रतिनिधि संघ के संरक्षक नरेंद्र शुक्ला ने कई चिकित्सकों का उदाहरण देकर बताया कि सिर्फ़ कैरियर के अलावा समाज सेवा के अन्य क्षेत्रों में भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य हो सकते हैं । परिचर्चा में डॉ फ़रीद नें आपसी संबंधों के सरोकारों की चर्चा की । उन्होंने कहा कि समाज की मर्यादा का सही तरीक़े से पालन , हमारे सामाजिक सरोकारों का आधार है। युवा पहल संस्था उपाध्यक्ष अनुराग शर्मा ने समाज सेवा के अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि छोटे- से - छोटा सेवा कार्य भी निरंतर किया जाए , तो आगे चलकर लम्बे समय में वह प्रेरणा दायक बन जाता है .कार्यक्रम का संचालन दोस्त संस्था के संयोजक सुनील शर्मा ने किया ।

श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हुए 82 श्रमिक

सूरजपुर। जिले में श्रम विभाग के छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माणी श्रमिकों को संचालित विभागीय योजना मिनीमाता महतारी जतन योजना, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना व मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना में कुल 82 श्रमिकों को कुल राशि 1960000 (उनीस लाख साठ हजार रू. मात्र) से लाभांवित किया गया। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी श्री के. केरकेट्टा द्वारा बताया गया है कि छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत निरंतर श्रमिकों का पंजीयन कर विभिन्न योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। मिनीमाता महतारी जतन योनजान्तर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों में पात्र हितग्राही विमला, सीमा, प्रगति कुशवाहा, हेमलता, सावित्री, अंजना पैकरा, बसंती, सोनमती इस प्रकार कुल 63 महिला श्रमिकों को 20-20 हजार रू. कुल राशि 1260000 मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजनान्तर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों में 4 आवेदन पात्र पाये जाने पर मृतक श्रमिक के परिजनों (उत्तराधिकारी) को 01-01 लाख रूपये कुल राशि 400000 रूपये तथा मुख्यमंत्री सियान योजनान्तर्गत प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों में पात्र हितग्राही राम बाई, शांति देवी, तिलकुंवर, राज कुमारी यादव, भोले राम, परसू राम इस प्रकार 15 श्रमिकों को 20-20 हजार कुल राशि 300000 आरटीजीएस, एनईएफ्टी के माध्यम से सीधे खाते में वितरण किया गया।

हल्बा समाज का इतिहास समृद्ध एवं वैभवशाली: मुख्यमंत्री

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि हल्बा-हल्बी समाज का इतिहास अत्यंत समृद्ध और गौरवशाली है। उन्होंने कहा कि हल्बा समाज की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी हैं, इस तरह यह समाज मातृ शक्ति का अनुयायी समाज है। उन्होंने कहा कि हल्बा समाज अत्यंत प्राचीन एवं विस्तृत समाज है। श्री बघेल बालोद जिले की इस्पात नगरी दल्लीराजहरा के फुटबॉल ग्राउण्ड में आयोजित अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के 83 वें स्थापना दिवस एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय हल्बा-हल्बी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष डॉ. देवेन्द्र माहला ने की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समारोह में डौण्डी एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड में देवगुड़ी निर्माण हेतु 01 करोड़ की राशि प्रदान करने तथा शासकीय महाविद्यालय मंगचुवा का नामकरण शहीद गैंदसिंह के नाम से करने की घोषणा की। इसके अलावा उन्होंने समाज के लोगों की मांग पर नवा रायपुर में हल्बा समाज के सामाजिक भवन के निर्माण हेतु जमीन चिन्हांकन एवं खरीदी की प्रक्रिया पूरा होने के बाद राशि प्रदान करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि कांकेर जिले निवासी स्वाधीनता संग्राम में अंग्रेजों के खिलाफ लोहा लेने वाले हल्बा समाज के गौरव स्वर्गीय श्री सुखदेव पातर को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची में शामिल कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी निर्धारित प्रक्रिया पूरी की जा रही है। श्री बघेल ने हल्बा-हल्बी समाज के लोगों को समाज के 83वां स्थापना दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने अमर शहीद बिरसा मूण्डा की पुण्यतिथि पर शहीद बिरसा मुण्डा एवं शहीद गैंदसिंह के योगदानों का स्मरण करते हुए इन दोनों विभूतियों को भारत माता का महान सपूत बताते हुए उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास मंहत, महिला एवं बाल विकास एवं समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया, संसदीय सचिव श्री कुंवरसिंह निषाद, संजारी बालोद के विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा, पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी शैलेजा, राज्य बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष श्रीमती तेजकुंवर नेताम, बस्तर विकास प्राधिकरण के सदस्य श्री बिरेश ठाकुर, पूर्व विधायक श्री डोमेन्द्र भेड़िया, श्री भैयाराम सिन्हा एवं श्री जनक ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज प्रमुखगण उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के बड़े भू-भाग के अलावा महाराष्ट्र सहित आस-पास के अनेक राज्यों में हल्बा समाज के लोग निवासरत हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा एवं सामाजिक जागरूकता के मामले में भी हल्बा समाज एक अग्रणी समाज है। उन्होंने कहा कि हल्बा समाज के लोग शिक्षा को हथियार बनाकर आज राजनैतिक, प्रशासनिक एवं अन्य सभी क्षेत्रों में उच्च पदों पर सुशोभित होकर राष्ट्र व समाज सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। इस अवसर पर श्री बघेल ने हल्बा समाज सहित समूचे आदिवासी समाज को सहज, सरल, मेहनतकश एवं निश्छल बताते हुए राष्ट्र एवं समाज के विकास में उनके योगदानों को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आदिवासी समाज के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। इसे ध्यान में रखते हुए आम लोगों की सहूलियत के लिए प्रशासनिक विकेंद्रीकरण कर 06 नये जिले एवं अनेक नए तहसीलों का गठन किया। जिससे आम लोगों को अपने कामकाज के लिए जिला एवं तहसील मुख्यालयों में आने-जाने में किसी तरह की कठिनाई न हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के अलावा पूरे हिन्दुस्तान में कोई भी ऐसा राज्य नहीं है, जहां पर इतने बड़े पैमाने पर तहसीलों का गठन किया गया है। इसके अलावा जाति प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया का भी सरलीकरण किया गया है। जिसके फलस्वरूप पिता के पास जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध होने से उनके बच्चों का भी आसानी से जाति प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है।

समयबद्ध कार्यक्रम तय कर तेज गति से कार्य करेंगे कुर्मी कार्यकर्ता: विजय

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि क्षत्रिय समाज की नयी कार्यसमिति की प्रथम बैठक कूर्मि भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष एवं सांसद दुर्ग विजय बघेल ने की। बैठक के प्रारंभ में शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित न हो पाये कार्यसमिति के सदस्यों को शपथ समाज के संरक्षक मन्नू लाल परगनिहा ने दिलवायी।

बैठक के एजेंडे के अंतर्गत जिला अध्यक्षों के चुनाव विषय पर उच्चाधिकार समिति के सदस्य ललित बघेल ने विस्तार से बात रखी। कोषाध्यक्ष कमल वर्मा ने आय व्यय प्रस्तुत किया। कर्मचारी-अधिकारी प्रकोष्ठ के संयोजक युगल किशोर वर्मा ने एक लाख रुपए भवन निर्माण मद में दान करने की घोषणा की। कार्यकारी अध्यक्ष चोवा राम वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र हरमुख,राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष श्रीमती लताऋ षि चन्द्राकर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ शारदा कश्यप,संरक्षक मन्नू लाल परगनिहा,पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी,उपाध्यक्ष एवं सिंघरौर कुर्मी फिरका के अध्यक्ष कौशल सिंह,उपाध्यक्ष रामावतार वर्मा,युवा अध्यक्ष योगेश्वर देशमुख, शिक्षक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष ललित बिजौरा,सुनील नायक, उपाध्यक्ष नर्मदाशंकर राजवाड़े, चंद्रशेखर कश्यप, शिव प्रसाद वर्मा, ललित कांकड़े,लीलाधर चन्द्रा, सुजीत पटेल, शिव कश्यप, भक्तभूषण चन्द्रवंशी, नन्दलाल चन्द्राकर, प्रेम कश्यप और राजदेव पटेल ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर उच्चाधिकार समिति के सदस्य पूरनसिंह बैस , के एल वर्मा, टेसू लाल धुरंधर, डॉ जितेन्द्र सिंगरौल, बलदाऊ भंवर, भोजराम राजवाड़े, अनिरूद्ध चंद्रा, भारत लाल वर्मा, श्रीमती सरिता वर्मा, प्रेमलता मढ़रिया , नेमीचंद वर्मा , उपाध्यक्ष मिथिलेश वर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डॉ सत्यदेव खिचरिया, अनुपम पटेल, पुरंदर वर्मा आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मोरध्वज चन्द्राकर ने किया।

विवाह प्रोत्साहन योजना दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वास के लिए बनी संबल

श्रीकंचनपथ न्यूज

राजनांदगांव। शासन की दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन योजना दिव्यांगजन व्यक्तियों के सामाजिक पुनर्वास की दिशा में कारगर साबित हो रही है। जिससे उन्हें जीने का संबल मिला है। समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजन व्यक्तियों के सामाजिक पुनर्वास एवं उन्हें जीविकोपार्जन में प्रारंभिक सहायता देने के लिए दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है।

योजनांतर्गत दिव्यांग विवाहित जोड़े में एक व्यक्ति दिव्यांग होने पर 50 हजार रूपए तथा वर-वधू दोनों दिव्यांग होने पर 1 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है। विकासखंड छुरिया के ग्राम नरेटीटोला के श्री नम्मूराम कंवर को वित्तीय वर्ष 2021-22 को दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित किया गया है। दिव्यांग दम्पत्ति नम्मूराम कंवर अस्थिबाधित दिव्यांग 85 प्रतिशत एवं श्रीमती प्रीति चंद्रवंशी अस्थिबाधित 70 प्रतिशत दिव्यांग है।

दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दोनों दिव्यांग होने पर 1 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। लाभान्वित राशि का उपयोग करते हुए उन्होंने टेलर दुकान खोल ली है। दोनों का पारिवारिक जीवन खुशहाल है। वे किसी भी प्रकार से अन्य पर आश्रित न रहते हुए सफलतापूर्वक दाम्पत्य जीवन सुखमय रूप से व्यतीत कर रहे हैं। इसी तरह राजनांदगांव विकासखंड के बजरंगपुर-नवागांव निवासी श्री नरेन्द्र देवदास को वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना से लाभान्वित किया गया है। नरेन्द्र देवदास 40 प्रतिशत एवं उनकी पत्नी श्रीमती शशि देवदास 45 प्रतिशत दोनों अस्थिबाधित दिव्यांग है।

कलेक्टर डोमन सिंह द्वारा दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना अंतर्गत दिव्यांग दम्पत्ति नरेन्द्र देवदास एवं उनकी पत्नी श्रीमती शशि देवदास को 1 लाख रूपए सहायता राशि का चेक प्रदाय कर योजना से लाभान्वित किया गया है। योजनांतर्गत लाभान्वित राशि से श्रीमती शशि देवदास द्वारा सिलाई-कढ़ाई का कार्य किया जा रहा है तथा श्री नरेन्द्र देवदास द्वारा अभिलाषा दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ शिक्षण सह पुनर्वास केन्द्र राजनांदगांव में अस्थिबाधित शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस प्रकार दोनों अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर रहे हैं।

परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को मिला पक्का चबूतरा और सहारा

छत्तीसगढ़ सरकार पुरातन काल से चली आ रही पौनी पसारी की परंपरा को सहेजने का कार्य कर रही

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को कवर्धा शहर के अंबेडकर चौक के पास 53 लाख 76 हजार रूपए की लागत से नव निर्मित 02 पौनी पसारी परिसर का लोकार्पण कर बड़ी सौगात दी। पौनी पसारी परिसर के लोकार्पण से परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यापारियों को पक्का चबूतरा और सहारा मिल गया है।

उन्होंने पौनी पसारी परिसर में ही मिलेट्स कैफे का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर वन मंत्री मोहम्मद अकबर, पंडरिया विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर सहित कन्हैया अग्रवाल, नीलकंठ चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने परिसर का लोकार्पण करते हुए कहा कि पौनी पसारी योजना के जरिए पुराने प्रचलित पारंपरिक व्यवसायों के लिए पक्का शेड, चबूतरा आदि का निर्माण कराया गया है, ताकि पारंपरिक व्यवसाय से जुड़े लोगों को सुविधा हो सके और वे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ा सके। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में पौनी पसारी की परंपरा पुरातन काल से चली आ रही है, जिसे सहेजने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने इस योजना की शुरूआत की है। इस परिसर में बने शेड को पात्र लोगों को अस्थायी रूप से किराए पर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने बताया कि पौनी पसारी योजना छत्तीसगढ़ की प्राचीन परंपरा के व्यवसायों को नवजीवन प्रदान कराने में सहायक है। इसके तहत स्थानीय परंपरागत व्यवसायों जैसे लोहे से संबंधित कार्यो, मिट्टी के बर्तन, कपड़े धुलाई, जूते चप्पल तैयार करना, लकड़ी से संबंधित कार्य, पशुओं के लिए चारा, सब्जी-भाजी उत्पादन, कपड़ों की बुनाई-सिलाई, कंबल, मूर्तियां बनाना, फूलों का व्यवसाय, पूजन सामग्री, बांस का टोकना, सूपा, केशकर्तन, दोना-पत्तल, चटाई तैयार करना तथा आभूषण एवं सौंदर्य सामग्री इत्यादि का व्यवसाय पौनी-पसारी व्यवसाय के रूप में रोजगार उपलब्ध कराया जाता है।

मिलेट कैफे का शुभारंभ

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने आज कवर्धा के पौनी-पसारी परिसर में मिलेट कैफे का शुभारंभ किया। उन्होंने मिलेट कैफे में बैठकर व्यंजनों का स्वाद चखा और कैफे का संचालन करने वाले महिला समूह की सराहना की।

संत कबीर ने समाज को आडंबरों के खिलाफ जगाया : रत्नावली

श्रीकंचनपथ न्यूज

मुंगेली। संत कबीर ने आडंबरों, भेदभाव, छुआछूत के खिलाफ समाज को जगाने का अनुकरणीय काम किया है। उनके अमूल्य संदेश आज के परिप्रेक्ष्य में पूरी तरह प्रासंगिक हैं। हम उनके उपदेशों को आत्मसात कर समाज का नव निर्माण कर सकते हैं। उक्त उदगार छत्तीसगढ़ शासन के अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण सदस्य एवं महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव रत्नावली कौशल ने संत कबीर दास जी की जयंती पर सरदार वल्लभ भाई पटेल सभागृह में आयोजित कबीर भजन गायन कार्यक्रम में व्यक्त किए। इस कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन मुंगेली के संयोजन में किया गया था। सुश्री कौशल इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप में आमंत्रित थीं। जिला पंचायत के मुख्य

कार्यपालन अधिकारी डीएस राजपूत, जनपद उपाध्यक्ष पवन पाण्डेय, यहां गणमान्य नागरिक डॉ. लेखराम साहू, सुमन दास मानिकपुरी, जांतराम साहू, हेमंत मानिकपुरी, माधव साहू एवं राजेंद्र साहू विशिष्ट अतिथि थे।

आरंभ में रत्नावली कौशल और अन्य अतिथियों ने संत कबीर दास साहेब के तैलचित्र पर श्रद्धा के फूल चढ़ाए और चौका आरती में भाग लिया। हिन्द सेना महिला ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष रत्नावली कौशल ने संत कबीर के दोहों और साखियों का उद्धरण प्रस्तुत करते हुए सारगर्भित विचार रखते हुए कहा कि संत कबीर जाति ङ्क धर्म, भेदभाव, आडंबरों और छल कपट से मुक्त समाज के पक्षधर थे। उनके दोहों और साखियों में इस बात के पुष्ट प्रमाण मिलते हैं।

जीवन की वास्तविकता उनके दोहों में नजर आती है। सुश्री कौशल ने कहा कि मूर्ति पूजा, कर्मकांड जैसे आडंबरों के खिलाफ संत कबीर दास साहेब ने समाज को जगाने का काम किया। छत्तीसगढ़ में कबीरपंथ के अनुयायियों की तादाद बहुत ज्यादा है। राज्य के दामाखेड़ा, धमतरी जिले के अरकार, राजनांदगांव जिले के नादिया राजा खुज्जी में अति प्राचीन कबीर मठ हैं। इन तीनों गुरु गद्दीयों से संत कबीर के उपदेशों और अमृतमयी वाणी का प्रचार प्रसार किया जाता है। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने शाकाहार, जीव दया, सत्य, अहिंसा की राह मानव समाज को दिखाई है। हम उनके बताए रास्ते पर चलकर आत्म कल्याण कर सकते हैं।

सुश्री कौशल जीव दया का एक बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत करते हुए बताया कि कबीर जी के अनुयायी जब भोजन पकाने के लिए जलावन के रूप में इस्तेमाल की जानी वाली लकडियों पर पहले पानी के छींटे मारते हैं, उसके बाद ही उन लकडियों को चूल्हे में डालते हैं। पानी के छींटे पडने से लकडियों में छुपे सूक्ष्म जीव बाहर निकल आते हैं और लकड़ी के साथ जलने से बच जाते हैं।

शिविर के माध्यम से किया जा रहा पशुओं का टीकाकरण

सूरजपुर। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशानुसार एवं पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवायें डॉ. नरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं एनजीजीबी नोडल अधिकारी डॉ. नृपेन्द्र सिंह के देखरेख में जिले में संचालित 360 गोठानों में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाना है। जिसमें पशुओं के संक्रामक बिमारियों मुख्यत: एच.एस. बी.क्यू. बिमारियों से बचाव हेतु सघन टीकाकरण, बीमार पशुओं का उपचार, 01 वर्ष से कम उम्र के पशुओं को डिवर्मिंग, बाझ पशुओं का उपचार, विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कार्य सम्पादित किया जाना है। जिले में 1 जून 2023 से 09 जून 2023 तक कुल 167 गोठान ग्रामों में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अभी तक कुल 18417 एच.एस. बी.क्यू. संयुक्त वैक्सीन का टीकाकरण किया गया।

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

खास-खबर



राजधानी के विरासत अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, लोगों ने खाली किए अपने फ्लैट

रायपुर। राजधानी रायपुर में शुक्रवार को एक और फायर एक्सीडेंट की घटना सामने आई है। यहां के अवंती विहार विजय नगर चौक स्थित विरासत अपार्टमेंट में के ऊपरी मंजिल के फ्लैट में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद पूरा अपार्टमेंट ही खाली करा दिया गया। फिलहाल मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंच चुकी है जो आग बुझाने का काम कर रही है।

बता दें रायपुर में शुक्रवार की सुबह गोल बाजार क्षेत्र में मोतीबाग के पास कॉम्पलेक्स में आग लग गई थी। आग लगने से यहां पीएनबी का एटीएम खाक हो गया। वहीं यहां की 6 दुकानों के साथ बाहर खड़े वाहन भी आग की चपेट में आकर खाक हो गए। अभी इस हादसे की आग ठंडी भी नहीं हुई कि राजधानी मे दूसरा बड़ा फायर एक्सीडेंट हो गया। खामहरडीह थाना इलाके के विरासत अपार्टमेंट के फ्लैट में आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने मोर्चा संभाल लिया है। घटना के बाद पूरे अपार्टमेंट से लोगों को खाली कराया गया। फिलहाल आग लगने की वजह सामने नहीं आई है।

शराब पीने के लिए रुपए नहीं देने पर मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (ए)। गंज पुलिस ने मारपीट के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शराब पीने के लिए युवक से रुपए की मांग की थी, जब उसने देने से इंकार कर दिया तो उससे गाली गलौच कर मारपीट की। इसके बाद मौके से फरार हो गया।

दरअसल, कमल धृतलहरे ने थाना गंज में रिपोर्ट दर्ज कराई 8 जून को शाम करीब 6 बजे मोहल्ले का निवासी शेख सरवर उर्फ श्रवण प्रार्थी के घर के सामने आकर शराब के लिये पैसे की मांग करने लगा। जब शराब पीने के लिए पैसे नहीं दी तो शेख सरवर अश्लील गाली गलौज करने लगा। इसके बाद मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। जिस पर आरोपी के विरूद्ध थाना गंज में अपराध दर्ज किया गया। रिपोर्ट के बाद आरोपी के छिपने के हर संभावित ठिकानों में रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी गंज निवासी शेख सरवर उर्फ श्रवण को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक धारदार चाकू को जब्त की। वहीं मामले में धारा 25 आर्म्स एक्ट जोड़कर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की गई।

महिला एएसआई के घर लाखों की चोरी सोने चांदी के जेवर व नगदी ले उड़े चोर

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। शहर के चोरों के हौसले इतने बुलंद है कि अब पुलिस वाले भी इनके निशाने पर हैं। दुर्ग के सूर्य नगर सिकोला भाठा में 7 व 8 जून की दरमियानी रात को छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग की एएसआई के घर पर लाखों रुपए की चोरी हो गई। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। इस मामले में महिला अफसर की शिकायत पर मोहन नगर थाने में अज्ञात के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।



मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थीया प्रिती जायसवाल सूर्य नगर सिकोला भाठा दुर्ग में रहती है। वे पूर्व में CID में पदस्थ थी, वर्तमान में रायपुर में पदस्थ हैं। शिकायत में उन्होंने बताया कि 7 जून 2023 की सुबह 8 बजे मैं डयूटी के लिए रायपुर गई थी। ड्यूटी से रात 8 बजे वापस लौटी तो देखा कि घर के सामने का गेट खुला हुआ था और मुख्य कमरे का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। कमरे के अन्दर जाकर उन्होंने देखा तो तब आलमारी का सामान बिखरा हुआ था।

जांच करने पर अलमारी में रखे एक सोने की लेडीस अंगुठी, सोने की 5 नग एयर रिंग, सोने की फुल्ली 5 नग, सोने की चैन 1 नग, चांदी की पायजेब 3 नग, चांदी की पायल 1 नग, 1 नग चांदी का करधन, चांदी की गणेश जी की मूर्ति 1 नग, 2 नग टाईटन कंपनी का हाथ घडी गोल्डन कलर का एवं नगदी रकम 75,000 रुपए चोरी हो गए। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सीसी टीवी फुटेज में दिखा चोर

रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास सीसी टीवी फुटेज भी निकाले। सीसी टीवी फुटेज में एक चोर व कुछ संदिग्ध नजर आए हैं। चोर बड़े आराम से घर में चोरी के लिए प्रवेश कर रहा है। पुलिस सीसी टीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश कर रही है। इधर घटना के बाद आसपास रहने वाले लोग भी परेशान है। लोगों का कहना है कि आए दिन यहां चोरियां हो रही है। पुलिस की गश्त न होने से चोरों के हौशले बुलंद हैं।

दोस्त ने दोस्त को दिया दगा

कॉल करने के बहाने मोबाइल लिया और ट्रांसफर कर लिए ढाई लाख

श्रीकंचनपथ न्यूज

कबीरधाम। कॉल करने के लिए मोबाइल दोस्त को देना युवक को भारी पड़ गया। कॉल करने के बहाने दोस्त ने ही युवक के खाते से लगभग ढाई लाख रुपए पार कर दिया। युवक जब बैंक पहुंचा तो उसे पता चला कि उसके खाते से उसके दोस्त के खाते में रुपए ट्रांसफर हुए है। इसके बाद जब उसने अपने रुपए वापस मांगे तो टाल मटोल करने लगा। इसके बाद उसने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला जिले के पांडातराई थाना क्षेत्र का है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड-10 निवासी सोनू निषाद की ग्राम कुटेली निवासी दीपक कुमार गंधर्व से दोस्ती है। सोनू ने दीपक को बताया था कि उसके खाते में गन्ना और धान फसल की रकम आई है। इस बीच दीपक ने दो मार्च से लेकर छह अप्रैल तक कई बार सोनू का मोबाइल बात करने के लिए मांगा। इस दौरान उसने सोनू के खाते से 2.40 लाख रुपये फोन-पे के जरिए अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। सोनू करीब एक सप्ताह पहले वह बैंक गया तो उसे दीपक के खाते में रुपए ट्रांसफर किए जाने का पता चला।

धोखाधड़ी का पता चलने पर सोनू दीपक के पास गया और खाते से रुपए निकालने के संबंध में पूछा। इस पर दीपक ने कहा कि उसे रुपयों की जरूरत थी इसलिए ऐसा किया। दोस्त होने के चलते तुमसे ले लिए। उसने रुपए कुछ दिनों में लौटा देने की बात कही लेकिन वह बार बार रुपए के लिए टालता रहा। तंग आकर सोनू पुलिस के पास पहुंचा और मामला दर्ज करा दिया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी दीपक को गिरफ्तार कर लिया।

बेमेतरा में बिजली विभाग के जेई और लाइनमैन पर हुई एफआईआर

करंट लगने से महिला की मौत के बाद एक्शन

श्रीकंचनपथ न्यूज

बेमेतरा। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में बिजली विभाग के जेई और एक लाइन मैन पर अपराध दर्ज किया गया है। इन दोनों पर सेवाओं में लापरवाही का आरोप लगा है। इनकी लापरवाही के कारण एक महिला की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस की जांच के बाद जेई अनिल चंद्राकर और लाइनमैन शत्रुहन लाल चतुर्वेदी के खिलाफ धारा 304(ए) व 34 के तहत मामला दर्ज किया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

दरअसल यह पूरा मामला 2 जून का है। ग्राम पडकीडीह निवासी लक्ष्मी साहू (21) की करंट लगने से मौत हो गई थी। दो जून की सुबह व खेत में गई थी जहां चार फीट की हाइट में लटक रहे 11 केवी के तार की चपेट में आ गई। इसके बाद परिजनों ने इस मामले में पुलिस में शिकायत की। पुलिस के जांच में यह बात पता चली कि 11 केवी का तार जमीन से करीब चार फीट की ऊंचाई पर लटक रहा था। इस संबंध में ग्रामीणों ने नवागढ़ के जेई

अनिल चंद्राकर और लाइनमैन शत्रुहन लाल चतुर्वेदी को जानकारी दी थी।

जानकारी मिलने के बाद भी इन दोनों ने इस पर ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने बताया कि तार को लेकर विभाग के पास कई शिकायतें की गई लेकिन इसे सुधारा नहीं गया। अब इसी तार की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ले इस मामले में जेई व लाइनमैन को गैर इरादतन हत्या का दोषी माना और दोनों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है।

लापरवाही ने लेली मासूम की जान

ट्यूब के सहारे नदी में नहा रहा था बच्चा, डूबने से हुई मौत

जांजगीर-चांपा। जिले में लापरवाही ने एक मासूम की जान ले ली। जिले के चांपा थाना क्षेत्र के कुदरी गांव में हसदेव नदी पर बने बैराज में परिवार के साथ नहाने गए 12 साल के मासूम ऋतुराज देवांगन की डूबने से मौत हो गई। ऋतुराज ट्यूब के सहारे नहा रहा था। इस दौरान अचानक बैलेंस बिगड़ा और वह गहरे पानी में चला गया। वहां नहा रहे कुछ युवकों ने बच्चे को बाहर निकला और परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। बच्चे की मौत से पूरे परिवार में मातम का माहौल है।

मिली जानकारी के अनुसार संजय नगर चांपा निवासी अनिल देवांगन अपने परिवार के साथ कुदरी गांव के हसदेव नदी पर बने बैराज के पास नहाने गया हुआ था। इस दौरान 12 साल का ऋतुराज देवांगन एक ट्यूब में बैठकर नहा रहा था। पास में अनिल देवांगन उसकी बेटी व पत्नी नहा रहे थे। तभी ऋतुराज का ट्यूब नहाने के दौरान पलट गया और वह हसदेव नदी के पानी में डूब गया। बेटे को डूबता देख पिता अनिल देवांगन बचाने को आए लेकिन देर हो चुकी थी। वह गहरे पानी के अंदर चला गया। पिता अनिल देवांगन ने खोजने का प्रयास किया। लेकिन बेटा नहीं मिला। वहीं पास में नहा रहे युवक को बुलाकर दोनों ने खोजा। जिसके बाद 30 मिनट बाद ऋतुराज देवांगन मिला। जिसे उपचार के लिए परिजन बीडीएम अस्पताल चांपा लाया गया, जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत ऋतुराज देवांगन को मृत घोषित किया। जिसके बाद रो रोकर परिजनों का बुरा हाल है। पिता के सामने बच्चा डूब गया। घटना के बाद स्थानीय लोग जल संसाधन विभाग को कोस रहे हैं। लोगों का कहना है कि विभाग ने यहां किसी भी तरह का संकेतक नहीं लगाया है।

Industrial Training Institute
Email itibhl@rediffmail.com
कार्यालय प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भिलाई
जिला - दुर्ग छ.ग.
Skill India
Ph-0788-2281128

।।सूचना।।

भिलाई दिनांक 08/06/2023
क्रमांक/औप्रसंभि/का.आ/एपीपी/पी.एन.ए.एम/2023/1198

संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के पत्र क्रमांक 4518 दिनांक 23.12.2022 के परिपालन में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशीप मेला का आयोजन दिनांक 12.06.2023 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, भिलाई, जिला- दुर्ग में किया जाना प्रस्तावित है। अतः पात्र अभ्यर्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ अप्रेंटिसशीप नियोजन हेतु मेले प्रातः 09 बजे से शाम 05 तक उपस्थित हो सकते है।

प्राचार्य
आदर्श औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था
भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग)

जी-02213/4

लव ट्रायंगल में छात्र की हत्या, तीन दिन पहले सड़क पर मिली थी लाश, तीन आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। न्यायधानी बिलासपुर में लव ट्रांयगल के चक्कर में प्रेमी की हत्या कर दी गई। सनकी आशिक ने लड़की के दूसरे प्रेमी और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र को अगवा कर लाठी-डंडों और बेल्ट से पीट-पीटकर उसे अधमरा कर दिया। इसके बाद अधमरे युवक को सड़क पर फेंक कर चला गया। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी बताया जा रहा है। मामला सिरगिट्टी थाना क्षेत्र का है।

बता दें बिलासपुर-रायपुर रोड पर 6 जून की दोपहर करीब 3-4 बजे 20 वर्षीय एक युवक का शव मिला था। युवक की शिनाख्त अंबिकापुर के लखनपुर निवासी यश साहू (19) के रूप में हुई। वह बिलासपुर आईएएस की कोचिंग करने आया था और

मंगला चौक के पास दिल्ली आईएएस एकेडमी में एडमिशन लिया था। वहीं चंद्र विहार कॉलोनी में किराये पर मकान लेकर रहता था। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस दौरान कोचिंग के आसपास कई सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

फुटेज के आधार पर पुलिस ने चकरभाठा निवासी आरोपी राहुल नामदेव उर्फ बुटिया (19), विनय सांडिल्य (19) और उमेश वर्मा (23) को गिरफ्तार किया। राहुल इस पूरे हत्याकांड का मास्टरमाइंड निकला। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि कोचिंग में पढ़ने वाली एक छात्रा से राहुल नामदेव एक तरफा प्यार करता था। जबकी लड़की अक्सर यश साहू के साथ देखी जाती थी। इस बात से राहुल काफी नाराज रहता था और उसने यश को धमकी भी दी थी। घटना वाले दिन राहुल कोचिंग के बाहर पहुंचा जहां यश और लड़की बात कर रहे थे। यह देखकर राहुल भड़क गया।

इसके बाद यश साहू को राहुल ने मारने की साजिश रची। इसके लिए यश को कोचिंग बुलाया और फिर वहां से स्कूटी पर बिठाकर मारते हुए चकरभाठा ले गया। नयापारा के एक बंद ढाबे में यश की बेरहमी से पिटाई की। अपने साथियों विनय और उमेश वर्मा को भी लाठी-डंडे लेकर बुलाया। तीनों ने उसे लाठी-डंडे और बेल्ट से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। जब राहुल को लगा कि यश मर जाएगा तो अधमरी हालत में हाईकोर्ट मोड़ के पास ले गया और वहां एक ऑटो में बिठाकर भाग निकला। शुक्रवार को पुलिस ने इस पूरे मामले का खुलासा किया है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड बेमेतरा (छ.ग.)

:: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना ::

ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र-ए में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु नीचे उल्लेखित कार्य के लिये छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय में एकीकृत पंजीयन व्यवस्था में **श्रेणी-डी** एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है।

कार्य का विवरण :- बेमेतरा जिले के विकासखंड **बेमेतरा, नवागढ़ एवं साजा** में **जल जीवन मिशन** अंतर्गत एकल ग्राम नलजल योजनाओं के अंतर्गत **UPVC pipe 6kg/10kg** पाईप लाईन जोड़ने, स्वीच रूम, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, बाउण्ड्रीवॉल, क्लोरीनेटर सिस्टम, क्लोरीनेटर रूम, इलेक्ट्रीसिटी कनेक्शन, सबमर्सिबल पंप, घरेलू नल कनेक्शन इत्यादि दिये गये शेड्यूल के अनुसार।

स.क्र.	सिस्टम नम्बर	निविदा सू.क्र.	ग्राम का नाम	अनुमानित लागत (रू.लाख मे)
1	137469	62	मोतिमपुर एकल ग्राम नलजल योजना (तृतीय निविदा)	46.30
2	137476	63	कातलबोड़ एकल ग्राम (अमलडीहा समूह) नलजल योजना (द्वितीय निविदा)	68.68
3	137477	64	मौहाभाठा एकल ग्राम (कुम्हीगुड़ समूह) नलजल योजना (द्वितीय निविदा)	89.33
4	137478	65	पण्डरभट्ठा एकल ग्राम नलजल योजना (पंचम निविदा)	102.45
5	137479	66	भोपसरा एकल ग्राम (अमलडीहा) नलजल योजना (पंचम निविदा)	114.18

1. बिड प्रारंभ की तिथि – 09.06.2023
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि – 26.06.2023

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल **http://eproc.cgstate.gov.in** में दिनांक **09.06.2023** से देखे जा सकते है।

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)

जी-02215-6

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

खास - खबर

1206 पदों के लिए विशेष रोजगार मेला का आयोजन

दुर्ग। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा के निर्देशन में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग द्वारा जिले में बेरोजगारी भत्ता प्राप्त हितग्राहियो के लिए निजी नियजकों द्वारा उपलब्ध रिक्त पदों को भरने के लिए विशेष रोजगार मेला का आयोजन 10 जून 2023 को दुर्ग में किया जाएगा। विशेष रोजगार मेला में नियोजक प्रकाश ज्वेलर्स दुर्ग, सुख किशन बायोप्लांटेक प्रा.लि., लाईफइंश्योरेंस कार्पोरेशन ऑफ इंडिया, टेक्नोटॉस्क बिजनेस सॉल्यूशन व सेफइंटेलिजेंट सिक्योरिटी सर्विस आर्य नगर कोहका भिलाई के लिए विभिन्न पद रिक्त हैं। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक आर.के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग. निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र दुर्ग में 10 जून को समय प्रात: 11 बजे से उपस्थित हो सकते है। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक विशेष रोजगार मेला स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2023 के आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

दुर्ग। डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार वर्ष 2023 हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2023 है। उपसंचालक कृषि से मिली जानकारी के अनुसार आवेदन फॉर्म कार्यालय उपसंचालक कृषि दुर्ग/वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय विकासखंड-दुर्ग/पाटन/धमधा से प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन संबंधित संपूर्ण जानकारी कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2023 के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त

दुर्ग। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर के द्वारा सुशील कुमार गजभिये संयुक्त संचालक (वित्त), वित्त अधिकारी स्व. श्री हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, को नगर पालिक निगम दुर्ग के वार्ड क्रं. 42 कसारीडीह (पश्चिम) के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। उनका मोबाईल नंबर 9300733857 है। इसी प्रकार देवेन्द्र चौबे उपसंचालक (वित्त) कार्यालय, संभागीय संयुक्त संचालक, कोष लेखा एवं पेंशन दुर्ग को वार्ड क्रं. 14 नगर पालिका परिषद अहिवारा हेतु व्यय प्रेक्षक के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। उनका मोबाईल नंबर 9425564630 है।

बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत् फसल पंजीयन

दुर्ग। जिले के कृषकों का खरीफ2023 के अंतर्गत बीज उत्पादन कार्यक्रम के तहत् फसल पंजीयन बीज प्रक्रिया केन्द्र रूआबांधा में किया जा रहा है। पंजीयन शासकीय कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से शाम 5:30 बजे तक किया जाता है। इस हेतु कृषक स्वयं अपने संपूर्ण दस्तावेज बी-1, बी-2 आधार कार्ड, बैंक पासबुक की फोटोकॉपी, बीज का स्त्रोत आदि की फोटोकॉपी देकर फसल पंजीयन करा सकते हैं। बीज प्रक्रिया केन्द्र में समस्त प्रकार के प्रजनक, आधार एवं प्रमाणित-1 श्रेणी का बीज उपलब्ध है। प्रक्रिया केन्द्र के प्रबंधक से मिली जानकारी अनुसार खरीफ2021 से बीज निगम में पंजीकृत कृषकों का राजीव गांधी न्याय योजना अंतर्गत उत्पादित धान प्रोत्साहन राशि का आबंटन जारी नहीं होने के कारण बीज निगम के माध्यम से योजना की राशि प्रदाय नहीं किया गया है। उत्पादक कृषकों द्वारा समितियों में धान बोए गए रकबे का एकीकृत पोर्टल में कराया गया है।

रीपा के तर्ज पर भिलाई में खुलेगा इंड्रस्टीज पार्क

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व वार्ड क्रं. 06 सुपेला के लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर खुलेगा रीपा के तर्ज पर अर्बन काटेज एवं सर्विस इंड्रस्टिज पार्क जिसमें युवाओं को स्वरोजगार स्टाट-अप गतिविधियों के लिए निगम क्षेत्र में स्थल उपलब्ध कराकर सुविधाएँ प्रदान किये जाने की स्वीकृति महापौर परिषद द्वारा दी गई है।

महापौर परिषद की बैठक महापौर नीरज पाल, आयुक्त आशीष देवांगन की उपस्थिति में आहुत की गई है।

जिसमें भिलाई क्षेत्र में किये जाने वाले विभिन्न कार्यो को स्वीकृति प्रदान की गई। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री द्वारा रीपा के तर्ज पर अर्बन काटेज एवं सर्विस इंड्रस्टिज पार्क स्थापना किये जाने की घोषणा कर राशि का प्रावधान किया गया है। जोन-01 नेहरू नगर के वार्ड क्रं. 06 प्रियदर्शिनी परिसर पूर्व ग्राम सुपेला के तीन खसरो में शामिल कुल 2.5 एकड़ भूमि का चयन उक्त इंड्रस्टिज पार्क के लिए चयनित कर महापौर परिषद के समक्ष प्रकरण विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। उक्त इंड्रस्टिज पार्क में युवा, महिला के स्वरोजगार तथा स्टाट-अप गतिविधियों के लिए भिलाई नगर रेल्वे स्टेशन के पास रोड, नाली, बिजली, पानी एवं अन्य सुविधाओं के साथ औधोगिक पार्क विकसित किये जाने हेतु महापौर परिषद ने स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार बैठक में उपस्थित सदस्यों ने निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्र में रिक्त आवासीय/व्यवसायिक/आवास सह व्यवसाय भूखण्डो के अंतरण, निगम के वाहन शाखा हेतु उच्च कुशल, कुशल एवं अर्धकुशल वाहन चालको का वेतन भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

अधोसंरचना मद के अंतर्गत शिव शक्ति कालोनी के मांझी चैंक से गणेश चैंक तक 9.99 लाख रू. के व्यय से डामरीकरण कार्य की स्वीकृति, वार्ड 26 लाल बहादुर शास्त्री सरोवर का सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति प्रदान की गई है। महापौर परिषद की बैठक में सीजू एन्थोनी, केशव चैबे, आदित्य सिंह, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, चन्द्रशेखर गवई, लालचंद वर्मा, रीता सिंह गेरा, मालती ठाकुर, मीरा बंजारे आदि उपस्थित रहें।

आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने किया गौठान का औचक निरीक्षण

वर्मी खाद निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम, दुर्ग द्वारा पुलगांव स्थित गोकुल नगर में संचालित शहरी गौठान में आयुक्त लोकेश चन्द्राकर अधिकारियों के साथ पहुँचे।उन्होंने गोधन न्याय योजना के तहत गोबर खरीदी,वर्मी कंपोष्ट शेड एवं केचुआं पालन तथा मवेशियों के देखभाल का अवलोकन किया। मौके पर उपायुक्त मोहेंद्र साहू,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली समूह की अध्यक्ष गायत्री डोटे , व्यवस्थापक देवशीष घोष समूह की महिलाएं आदि मौजूद रहें।

इस दौरान आयुक्त ने निरीक्षण कर जायजा लेते हुए गौठान में चल रही गतिविधियों की जानकारी ली।उन्होंने कल्याणम स्व सहायता समूह से बातचीत की एवं बेहतर तरीके से वर्मी खाद बनाने निर्देश दिये एवं उत्तम क्वलिटी का खाद बनाने हेतु और कैंचुआ डालने कहा।उन्होंने समूह को यूरिया से उपचारित पैरा कुट्टी खिलाने को कहा एवं समूह के आय सम्बन्धित गतिविधियों को बढ़ाने की बात कही दूध उत्पादन,कुक्कूट पालन,वर्मी खाद निर्माण,मतस्य पालन ,बायोफ्लॉक पद्धति से मछली पालन एवं मशरूम फार्मिंग पर कार्य करने को कहा गया।व्यवस्थापक देवाशीष ने बताया कि गो-पालकों से खरीदे गए गोबर को रोस्टर सिस्टम से कंपोष्ट पीट में डाला जाता है,उन्होंने बताया कि गोबर से अन्य उत्पाद भी बनाया जा चुका है,समूह की महिलाएं द्वारा निरीक्षण के दौरान वर्मी कंपोष्ट शेड,पीट से निकलने के बाद खाद बनाने की प्रक्रिया और गोठान के मवेशियों के रहने,चारा पानी की व्यवस्था की जानकारी संचालन समिति के सदस्यों से लिये,आयुक्त ने कहा कि गोधन न्याय योजना शासन की महत्वाकांक्षी योजना है जिसका बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करना आवश्यक है महिला स्व.सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर केन्द्रों में वर्मी खाद निर्माण की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। सफलतम क्रियान्वयन के लिये लगातार गोधन केन्द्रों का निरीक्षण कर महिलाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

बदल रहा है दुर्ग शहर का स्वरूप

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम क्षेत्र सीमा अंतर्गत शहर के 13 स्थानों में वेंडिंग जोन बनाया जा रहा। आज महापौर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने शहर का दूसरा स्ट्रीट वेंडिंग जोन जिला हॉस्पिटल के करीब निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वेंडिंग ज़ोन 30 से अधिक गुमटी वाले कर सकेंगे काम वेंडिंग जोन बनने से सड़कों पर ठेलो के चलते लगने वाले जाम से राहगीरों को मिलेगी मुक्ति।

वहीं सड़कों पर फ्ल ठेलो के खड़े होने से लगने वाले जाम व शहरवासियों को होनी वाली परेशानियों से निजात मिल सकेगी।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने उपायुक्त मोहेंद्र साहू,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ निरीक्षण कर जायजा लिया। जिला हॉस्पिटल के करीब चौपाटी के रूप में विकसित करते हुए तैयार किया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को जल्द से जल्द वेंडिंग जोन में बिजली पोल समेत अन्य की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।निगम अधिकारियों ने उन्हें बताया कि बिजली के लिए पोल की व्यवस्था जल्द ही जोन में बिजली व अन्य की व्यवस्था कर दी जाएगी। जिसके बाद शहर का दूसरा वेंडिंग जोन को जिला हॉस्पिटल के आस-पास ठेले व खोमचे और गौरव पथ के ठेले वाले संचालकों को सौंपा जाएगा। पहला मानस भवन के निकट अंतिम छोर पर और अब दूसरा आधुनिक स्ट्रीट वेंडिंग जोन बनाया जा रहा है जो कार्य प्रारंभ है। पेयजल के लिए वेंडिंग स्थल पर नलों की व्यवस्था कर दिया जाएगा। वेंडिंग जोन में कचरा डालने के लिए जहां डस्टबिन की व्यवस्था होगी।पेयजल की व्यवस्था भी कर दी गई है। महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि वेंडिंग जोन में खरीदारी करने के लिए आने वाले लोगों को कोई दिक्कत नहीं होगी। क्योंकि यह दूसरा वेडिंग जोन मुख्य सड़क जिला हॉस्पिटल जीई के पास ही बनाया जा रहा है कार्य तेजी से प्रारंभ है। गांधी प्रतिमा से लेकर गौरव पथ जिला हॉस्पिटल के आस पास फ्ल ठेले सहित अन्य ठेले वालो को स्ट्रीट वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया वहीं, कुछ अन्य स्थानों पर लगने वाली ठेले को यहां पर शिफ्ट किया जाएगा।जन संपर्क विभाग/राजू बक्शी

नारधा गौठान बना महिलाओं के लिए रोजगार का जरिया

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। ग्राम पंचायत नारधा में गौठान समूह की महिलाओं को अलग-अलग गतिविधियों से आर्थिक लाभ मिल रहा है। कृषि अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त कर गौठान में वर्मी खाद का उत्पादन समूह द्वारा किया जा रहा है, जिससे अच्छी आमदनी प्राप्त हो रही है।

गौठान में विभिन्न गतिविधियों से जुड़कर स्व सहायता समूह की महिलाएं घर का खर्चा चलाने में सहयोग प्रदान कर रही है। वर्तमान में नारधा गौठान में सखी स्व सहायता समूह द्वारा वर्मी कम्पोस्ट उत्पादन का कार्य किया जा रहा है। समूह की महिलाओं को प्रत्येक माह लगभग तीन हजार रूपए का आय प्राप्त हो रहा है। अब तक वर्मी से एक लाख 78 हजार रूपए का मुनाफा प्राप्त कर चुके हैं। स्व सहायता समूह की महिलाएं वर्मी कम्पोस्ट से प्राप्त राशि का उपयोग अपने कार्य का विस्तार करने में लगा रही है।

गौठान में ही समूह की महिलाओं द्वारा मुर्गी पालन का कार्य भी किया जा रहा है। मुर्गीपालन कर बाजार में उसे थोक के भाव में बेचकर आय प्राप्त कर रही हैं। मुर्गीपालन से अब तक एक लाख का फायदा हो चुका है । समूह की महिला श्रीमती तिला बाई ने कहा कि प्राप्त आय से बेटे की शादी के लिए लिया गया कर्ज को चुका पाई। जो मेरे लिए असंभव था, लेकिन जब से मैं स्व सहायता समूह से जुड़ी तब से मुझे रोजगार प्राप्त होने के साथ-साथ मेरे ऊपर जो कर्ज का भार था उसे समाप्त कर पाई हूँ। अन्य महिलाएं भी प्राप्त आय का उपयोग आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में कर रही है। साथ ही गौठान में स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा नारधा आदर्श गौठान में मछली पालन के लिए बायो फ्लाक का निर्माण भी किया गया है। वर्तमान में बायो फ्लाक में मछली डाला गया है। नारधा गौठान में ही सखी स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा गौठान में गाय पालन कर दुध बेचकर अच्छी कीमत प्राप्त कर रहे हैं। गायों से प्राप्त दुध को अहिवारा के के होटलों में विक्रय कर दूध से लगभग 35 हजार रूपए की शुद्ध कमाई कर रही है।

साथ ही गोबर विक्रय से लगभग 15 हजार रूपए की आय प्राप्त कर रही है। बाड़ी विकास योजना के अंतर्गत नारधा गौठान में ही बाड़ी में सब्जी भाजी में पत्तागोभी, भिंडी, चेच भाजी, करमत्ता भाजी व प्याज का उत्पादन कर महिलाओं द्वारा उसे स्थानीय बाजार में बेचकर अच्छी आय अर्जित कर रही है। अब तक बाड़ी से समूह को लगभग एक लाख का आय प्राप्त कर चुकी है।

70 हजार राशनकार्ड हितग्राहियों का होगा केवाईसी शिविर लगाकर किया जाएगा वेरीफिकेशन : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। खाद्य विभाग के द्वारा 30 जून तक सभी प्रकार के राशन कार्डधारियों के सभी सदस्यों का ई-केवाईसी किया जाना आवश्यक है। चूंकि जनता को प्रमाणित कराने में भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। उचित मूल्य की दुकानदारों को राशन भी बंटना है और ई-पास सिस्टम से शहर के 74 दुकानों में 70 हजार हितग्राहियों का आधार फीड के साथ ही बॉयो मेट्रिक्स वेरीफिकेशन को भी पूरा करना है।

पहले से ही राशन दुकानों में जगह की कमी बनी रहती है इस भीषण गर्मी में बुजुर्गो, बच्चों व महिलाओं को ना दुकानों में ना बैठने, ना पानी व ना धूप से बचाव हेतु शेड की व्यवस्था एवं बार-बार मशीन में सर्वर डाउन होने से हितग्राही हलाकान हो रहे है। वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा के वार्ड दौरे के दौरान राशन दुकान में पहुंचने पर कार्डधारियों ने शिकायत करते हुए कहा कि 70 वर्ष अधिक के बुजुर्गो का थम इम्प्रेशन भी नहीं मिल रहा है। पूरे महीने राशन वितरण के कारण दुकानों में भीड़ रहती है हम अपना पूरा परिवार लेकर पहुंच रहे है तो दुकानदारों द्वारा ई-केवाईसी कराने में अधिक समय लगा रहे है। वोरा ने खाद्य अधिकारी सीपी दीपांकर से चर्चा कर कहा कि वार्डो में राशन दुकानदारों को पार्षदो से संपर्क कर सर्वसुविधा स्थलों पर शिविर लगाकर इस कार्य को करने कहा ताकि आमजनता को परिवार सहित वेरीफिकेशन कराने में आसानी हो।

खाद्य अधिकारी ने तत्काल राशन दुकानदारों को राशन वितरण के पश्चात सुविधायुक्त स्थलों पर जहां पर उचित व्यवस्था हो वहां पर शिविर लगाने के निर्देश दिए। राशन दुकानों के निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य शंकर ठाकुर, राजेश शर्मा, राजकुमार वर्मा, कन्या ढीमर, नजहत परवीन, एमन साहू, राजकुमार साहू मौजूद थे।

निगम ने अवैध अतिक्रमण पर लिया एक्शन, हटाया कब्जा

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। नगर पालिक निगम द्वारा अवैध अतिक्रमण पर छ्ष्टक्क चलाया है। दुर्ग निगम ने एक बार फिर कार्रवाई की है। महाराजा चौक के आगे बोरसी रोड के समीप साहू जलेबी दुकान मालिक द्वारा दुकान के बाहर अतिरिक्त रूप से पेवर ब्लॉक एवं चबूतरा व पक्का काउंटर निर्माण कर लिया था।

शिकायत मिलने पर आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर अतिक्रमण विरोधी दस्ता के अतिक्रमण नोडल अधिकारी दुर्गेश गुप्ता के नेतृत्व में आवश्यक संसाधनों की सहायता से तोड़ने की कार्रवाई गई और बोरसी रोड में साहू जलेबी दुकान के अलावा लगभग 8 से 10 दुकानों पर भी कार्रवाही की गई है।दुकान संचालक ने सड़क की ओर जाने वाले मार्ग पर अपने दुकान के ठीक आगे काफी दूर तक पेवर ब्लॉक लगाकर अतिक्रमण कर लिया था।सड़क में आने जाने वाले लोगों को भी इससे असुविधा का सामना करना पड़ रहा था।जिसको देखते हुए नगर पालिक निगम अतिक्रमण टीम ने जेसीबी आदि की मदद से मौके पर पूरे अतिक्रमण को तोड़ दिया। तोड़ने के बाद जेसीबी और डंपर की सहायता से मलबा की जब्ती भी बनाई गई। दुकान संचालक को हिदायत दी गई है कि अपने दायरे में रखकर ही दुकान को संचालित करें। आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने कहा कि सड़क किनारे निर्माण एवं विध्वंसक मलबे को सड़क पर रखने वालों पर भी कार्रवाई करें जैसे गिट्टी,रेट,ईट, छड़, सीमेंट आदि सड़क पर दुकान/भवन निर्माणकर्ता पर जुर्माना लगाया जाये।बारंबार समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर कड़ी कार्रवाही कर जुर्माना के साथ जब्त करने की कार्रवाही करें।

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत लोन मेले का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा चेंबर भवन में शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत लोन मेले का आयोजन किया गया।

लोन मेले में व्यपारियों एवं हितग्राहियों को प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना का लाभ देने चेंबर टेक्नीकल टीम के साथ विभिन्न राष्ट्रीयकृत बैंक भी शामिल हुए ।

लोन मेले में व्यापारियों को इस योजना के अंतर्गत आवेदन करने की प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रदेश चेंबर महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि आज चेंबर भवन में प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के तहत लोन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न व्यापारिक संगठनो के प्रमुखों सहित व्यापारीगण शामिल हुए और इस योजना का लाभ उठाया । इस योजना के तहत 50 हजार से 10 लाख तक लोन, बिना गारंटी (पात्रता अनुरूप), आकर्षक ब्याज दर एवं अन्य लोन सम्बन्धी समस्याओं का समाधान किया जाना इत्यादि शामिल हैं । श्री भसीन ने आगे कहा कि चेंबर व्यवसायी एवं व्यापारियों से सम्बंधित दायित्वों को भली भांति समझता है तथा पूर्ण रूप से निभाता है। इसी कड़ी में आज लोन मेला आयोजित किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य उन व्यापारियों को लाभ पहुँचाना है जो अपने व्यवसाय के विकास में वित्तीय परेशानियों का सामना कर रहे हैं। प्रत्येक व्यवसायी एवं उनके व्यवसाय का विकास, आर्थिक और सामाजिक रूप से अत्यंत आवश्यक है । श्री भसीन ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस योजना के द्वारा देश-प्रदेश के सभी नागरिकों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। राष्ट्रीयकृत बैंकों के प्रमुखों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया । आज इस मुद्रा लोन मेले में निम्नलिखित बैंक उपलब्ध रहें स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ,यूनियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक,आईडीबीआई व आईसीआईसीआई बैंक द्वारा 33 व्यापारियों को मुद्रा लोन देना निश्चित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शंकर सचदेव,दिलीप इसरानी, महेश बंसल,विनय सिंग,मनोज बक्तानि,सुनील मिश्रा ,राजेश शर्मा,मनोहर कृष्णानी व अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचना जन सम्पर्क अधिकारी शंकर सचदेव ने दी।

भिलाई इस्पात संयंत्र के एसएमएस-3 में कास्टर-2 का उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के 7 मिलियन टन मोडेक्स परियोजना के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण के अंतिम चरण में एसएमएस-3 के कास्टर-4 के हॉट ट्रायल का शुभारंभ दिनांक 08 जून 2023 को संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा किया गया। कास्टर-4 को सामान्यत: एसएमएस-3 का सीवी-2 भी कहा जाता है।

इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक एवं अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक सुब्रत मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रबर्ती, कार्यपालक निदेशक डॉ अशोक कुमार पंडा, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी समीर स्वरुप, कार्यकारी कार्यपालक निदेशक तापस दासगुप्ता भी उपस्थित थे। कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) एवं अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) श्री सुब्रत मुखोपाध्याय और मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएं) श्री राजीव कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में प्रोजेक्ट्स स्टील जोन के लिए, टीम ने कड़ी मेहनत की है। लैडल फर्नेस के लैडल को टरेट पर रखा जाता है। स्लाइड गेट्स के माध्यम से हॉट स्टील को टंडिश से प्रवाहित किया जाता है। तत्पश्चात् इस हॉट स्टील को बीम ब्लैंक्स के रूप में, अंतिम उत्पाद की ढलाई हेतु, टंडिश से मोल्ड में डाला जाता है। इनसे 12 मीटर लम्बाई वाले अंतिम उत्पाद (बीम ब्लैंक्स) तैयार किये जाते हैं।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950